9- FEB- BSP- P-1_Layout 1 2/10/2025 12:25 AM Page 1

तापमान

अधिकतम 32.4 डिग्री

न्यूनतम 12.6 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 10 फरवरी 2025





व्यापार विहार के पास लाखों रूपए की लागत से बना पौनी पसारी परिसर हुआ बदहाल।

## खबर संक्षेप

### राज्य निर्वाचन आयुक्त आज शहर में

**बिलासपुर।** राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह 10 फरवरी सोमवार को बिलासपुर के दौरे पर रहेंगे। श्री सिंह दोपहर 12 बजे कोनी स्थित स्ट्रांग रूम में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर चुनाव तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

### जिले में अवैध शराब के 42 मामले, 43 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** अवैध शराब से मौत के मामले में पुलिस की टीम ने रविवार को कोनी समेत जिले भर में छापेमारी की। इसमें सिविल लाइन अनुभाग से तीन मामलों में तीन लोगों की गिरफ्तारी की गई। छापेमारी में 108 लीटर शराब जब्त की गई। कोतवाली अनुभाग में सात मामले दर्ज कर आठ लोगों से 162 लीटर शराब जब्त की गई। सरकंडा अनुभाग में कोनी 15 मामलों में 15 लोगों एक हजार 768 लीटर शराब जब्त की गई। चकरभाठा अनुभाग में छह मामले दर्ज कर छह लोगों से 250 लीटर शराब जब्त की गई। इसी तरह कोटा अनुभाग से 11 मामलों में 11 लोगों से दो हजार 517 लीटर शराब जब्त की गई।

### छग पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक 10 फरवरी को शाम 4 बजे बृहस्पति बाजार गार्डन में आयोजित की जाएगी। बैठक में नए वर्ष की सदस्यता एवं अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। संघ के अध्यक्ष अशोक ठाकरे ने संघ के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों से इस बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

# महुआ शराब पीने से गंभीर एक और मरीज की इलाज के दौरान मौत, मृतकों की संख्या हुई 9

**बिलासपुर।** लोफंदी में महुआ शराब पीने से पीड़ित एक और मरीज की इलाज के दौरान मौत हो गई है। वहीं 4 लोगों का सिम्स में इलाज चल रहा है। गंभीर रूप से पीड़ित एक मरीज को इलाज के लिए रायपुर रिफर किया गया है। दूसरे दिन भी प्रशासनिक अधिकारी व स्वास्थ्य अमला लोफंदी में लगे कैंप में डटा रहा। कलेक्टर व एसपी ने मृतकों व बीमारों के परिजनों से मिलकर घटना की जानकारी ली और अधिकारियों को शराब पीने से तबियत खराब होने पर ग्रामीणों को तत्काल सिम्स में भर्ती कराने का आदेश दिया है।

- **4 मरीजों का सिम्स में चल रहा इलाज, एक रायपुर रिफर**

शनिवार तक महुआ शराब पीने के बाद तबियत खराब होने से कोनी क्षेत्र के ग्राम लोफंदी में 8 लोगों की मौत हो गई थी। सूचना मिलते ही प्रशासनिक, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग मौके पर पहुंच गए थे। जांच के दौरान दोपहर में महुआ शराब पीने वाले लोफंदी निवासी पवन कश्यप पिता शिवराम कश्यप की तबियत खराब हो गई। उसे इलाज के लिए गांव के अस्थाई अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद सिम्स में भर्ती कराया गया था। कोनी टीआई नवीन देवागंन ने बताया, 9 फरवरी को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है। वहीं सिम्स में इलाज के दौरान स्थिति गंभीर होने पर राजकुमार पटेल पिता चैतराम पटेल 50 साल को रायपुर रिफर कर दिया गया है। महुआ शराब पीने वाले दो नए मरीज देवी प्रसाद पटेल पिता रामफल पटेल, लक्ष्मी नारायण पिता घासीराम 26 साल को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पूर्व से दो लोगों का सिम्स में इलाज चल रहा है। चार दिन के भीतर महुआ शराब पीने से लोफंदी निवासी रामू सुनहले, शत्रुहन देवांगन, बलदेव पटेल, कोमल प्रसाद लहरे, कन्हैया पटेल, कुन्नू देवांगन, देव कुमार पटेल, बुधराम पटेल की मृत्यु हो गई थी।

### पुलिस व स्वास्थ्य अमला गांव में जमा रहा

8 फरवरी से पुलिस व स्वास्थ्य अमला गांव में कैम्प लगाकर जमे हुए हैं। दूसरे दिन भी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मितानिन को लेकर गांव में घूम घूमकर लोगों के परिक्षण करने में लगे हुए थे। तबियत खराब होने पर तत्काल ग्रामीणों को अस्थाई अस्पताल भेजा जा रहा था। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा है।

### कलेक्टर - एसपी पहुंचे गांव, परिजन से ली जानकारी



### कलेक्टर - एसपी ने गांव का लिया जायजा

9 फरवरी को कलेकटर अवनीश शरण, एसपी रजनेश सिंह ग्राम लोफंदी जाकर तैनात अधिकारियों से गांव की स्थिति का जायजा लिया। उसके बाद वे मृतकों के घर जाकर परिजन से घटना की संबंध में पूछताछ की। अस्थाई अस्पताल का जायजा लेने के बाद डाक्टरों को शराब पीने के बाद पीड़ित मिलने पर उन्हें तत्काल सिम्स में भर्ती कराने का आदेश दिया है। अधिकारियों को गांव में विशेष नजर रखने का आदेश दिया है।

### फोरेंसिक टीम ने जब्त की मिट्टी

रविवार को फोरेंसिक टीम के अधिकारी स्टाफ के साथ लोफंदी गए और मृतकों की जानकारी लेने के बाद सभी के घरों में जाकर परिजन से पूछताछ की। उसके बाद मृतकों ने घर में जहां पर उल्टी की थी, उस जगह की मिट्टी जांच के लिए ली गई है। वहीं अवैध महुआ शराब बेचने वाले मृतक कोमल लहरे के घर की सूक्ष्मता से जांच कर मिट्टी सहित अन्य सामान जब्त किया गया है।

### 9 कोचिए गिरफ्तार

कोनी क्षेत्र के ग्राम लोफंदी में महुआ शराब पीने से पीड़ित 9 लोगों की मौत व 5 लोगों के अस्पताल में भर्ती होने के बाद कोनी पुलिस नींद से जागी है। टीआई नवीन देवांगन ने बताया, 9 फरवरी को घुटकू में दबिश देकर अवैध शराब बेचने वाले परमेश्वर लोनिया, राजेन्द्र लोनिया, दुखीराम लोनिया, घनदेव लोनिया, केदार लोनिया व जलसो निवासी अजय वर्मा, राहुल वर्मा को पकड़कर उनके पास से 150 लीटर महुआ शराब जब्त की गई है। वहीं लोफंदी में अवैध महुआ शराब बेचने वाले की मृत्यु हो गई है, इससे वहां एक भी कोचिया नहीं पकड़ा गया है। पुलिस ने सभी कोचियों को आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

### लोगों ने कहा- मृतकों ने पी थी महुआ शराब

9 फरवरी को कोतवाली सीएसपी अक्षय सभाद्रा के नेतृत्व में 6 सदस्यी टीम जांच के लिए ग्राम लोफंदी पहुंची। जांच में 4 फरवरी को गांव के 17 लोगों द्वारा महुआ शराब पीना पाया गया है। शराब पीने वाले दो लोगों का बयान दर्ज किया गया है, जिसमें उन्होंने मृतक कोचिया कोमल लहरे से शराब खरीदकर पीना बताया है। वहीं मृतकों के 13 परिजनों का बयान दर्ज किया गया है। खबर है कि परिजनों ने बताया है कि घटना के दिन महुआ शराब पीने के बाद दूसरे दिन से उनकी तबीयत खराब होने लगी। इलाज के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

### गिरफ्तार किए गए कोचिए

इलाज के दौरान लोफंदी निवासी पवन कश्यप की मौत हो गई है। वहीं गंभीर रूप से घायल राजकुमार पटेल को रायपुर रिफर किया गया है। दो नए मरीजों को सिम्स में भर्ती कराया गया है। घुटकू व जलसो में अवैध महुआ शराब बेचने वाले 7 कोचियों को पकड़कर 150 लीटर महुआ शराब जब्त की गई है। कोचियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

- **नवीन देवांगन** कोनी टीआई




ग्राम लोफंदी में मृतकों के घर जाकर साक्ष्य एकत्रित करती पुलिस की टीम।


जिला प्रशासन दूषित भोजन, सांप काटने से मौत बताकर मामले को तोड़ मरोड़ कर पेश कर रहा : कांग्रेस का आरोप

# मृतकों के परिजन को 10-10 लाख मुआवजा दे सरकार

महुआ शराब पीने से हुई मौतों के मामले में कांग्रेस ने मृतकों के परिजन को 10-10 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा है कि लोफंदी गांव में जहरीली शराब पीने से 9 लोगों की मौत हो गई है। उनके बच्चे अनाथ हो गए और महिलाएं विधवा हो गईं।

जिला प्रशासन यह बता रहा है कि गांव शादी सामूहिक भोज था, वहां खाना खाने व मछली खाने से ग्रामीणों की तबियत खराब हुई और उनकी मौत हो गई। उन्होंने कहा शादी कार्यक्रम में गांव के बच्चों व महिलाओं ने भी खाना खाया, किन्तु वे बीमार नहीं हुए। किसी भी मृतक की सांप काटने से मृत्यु नहीं हुई है जिला प्रशासन दृगभ्रमित कर रही है। उनहोने कहा राज्य सरकार शराब बेच रही है। सरकारी दुकान से शराब की बिक्री हो रही है। गांव के लोगों ने कोनी थाने में लिखित में अवैध शराब बेचने की शिकायत की गई। कोनी पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। 5 फरवरी को इलाज के दौरान दो ग्रामीणों की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। सिम्स प्रबंधन बिना पोस्टमार्टम के शव परिजन को सौंप दिया। पुलिस को सूचना क्यों नहीं दी गई। 8 फरवरी को सरपंच के भाई राजू सुनहले की मृत्यु की सूचना पर कोनी पुलिस ने मौके पर जाकर अंतिम संस्कार रोककर पोस्टमार्टम कराने के लिए सिम्स भेज दिया। श्री केशरवानी ने कहा किन विशेषज्ञ डाक्टरों से पोस्टमार्टम कराया गया है, क्या पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी कराई गई है। उन्होंने कहा कि केवल पोस्टमार्टम कर खानापूर्ति कर ली गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का खुलासा नहीं किया गया। बिसरा जांच के लिए फ्रिजर कर दिया गया है। उन्होने कहा कांग्रेस पार्टी के द्वारा राज्य शासन से मृत्कों के परिजनों को 10 - 10 लाख रुपए मुआवजे की मांग की जाती है। श्री केशरवानी ने कहा मामले की जांच के लिए विधायकों के साथ 6 सदस्यी टीम बनाई गई है। सोमवार को दोपहर 12 बजे जांच टीम गांव में जाकर परिजन से मिलकर घटना की जानकारी ली जाएगी। उसके बाद जांच रिपोर्ट बनाकर पेश की जाएगी। कांग्रेस की जांच टीम यह पता लगाएगी कि जहरीली शराब पीने से अब तक किन किन लोगों की मौत हुई है और कितने लोगों का इलाज चल रहा है, उनकी स्थिति कैसी है। जहरीली शराब पीने से पहली मौत किसकी कब हुई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मौत की वजह क्या लिखा। पहले मृतक का पोस्टमार्टम करवाया था कि नहीं, इसके अलावा अन्य बिंदुओं पर छानबीन की जाएगी।



## खबर संक्षेप

### चेंबर अध्यक्ष ने की दोपहर 12 बजे के बाद दुकान खोलने की अपील



**बिलासपुर।** छग चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज बिलासपुर के अध्यक्ष संजय मित्तल ने अपने सभी पदाधिकारी के साथ मिलकर 100% मतदान का संकल्प लिया है। उन्होंने प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों से अपील की है कि वे 11 फरवरी को होने वाले लोकतंत्र के महापर्व में जागरूकता लाने के लिए छग चेंबर द्वारा चलाए गए महाअभियान पहले मतदान फिर दुकान का संकल्प लिया है। चेंबर ने प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों से निवेदन किया है कि सभी व्यापारिक संगठन, इकाइयां, पदाधिकारी एवं व्यापरीकरण सर्वप्रथम अपना, अपने परिवार का, कर्मचारियों एवं उनके परिवार का अपने मताधिकार का उपयोग प्रजातंत्र के लिए अनिवार्य है। साथ ही साथ अपने संगठन इकाई पदाधिकारी एवं व्यापारिक साथियों को अपने कर्मचारियों सहित आसपास के लोगों को भी मतदान करने प्रेरित करें। जिससे इस लोकतंत्र के महापर्व को मिलकर सफल बनाया जा सके।
श्री मित्तल ने लोकतंत्र के इस महायज्ञ की सफलता के लिए 11 फरवरी को सभी व्यापारिक संगठन प्रतिष्ठान दोपहर 12 बजे के बाद ही खोलने की अपील की है।

### गीता और डॉ. शीला साहित्य रत्न सम्मान से सम्मानित





**बिलासपुर।** संस्कृति एवं साहित्य शोध समिति मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित तृतीय साहित्यकार अधिवेशन – साहित्योत्सव प्रस्फुटन 2025' में साहित्य जगत की प्रतिष्ठित विभूतियों को साहित्य रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया। इस आयोजन में देशभर के ख्यातिलब्ध साहित्यकारों को उनकी उत्कृष्ट साहित्य साधना के लिए सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ की प्रख्यात साहित्यकार गीता सिंह और डॉ. शीला शर्मा को उनकी साहित्यिक योगदान एवं सृजनात्मक लेखन के लिए साहित्य रत्न सम्मान प्रदान किया गया। उनकी लेखनी ने साहित्य जगत में नई ऊंचाइयों को छुआ है और समाज को बौद्धिक व सांस्कृतिक समृद्धि प्रदान की है। इस अवसर पर साहित्योत्सव प्रस्फुटन 2025 साहित्यिक समर्पण और सृजनात्मक ऊर्जा का प्रतीक बनकर उभरा। जिसमें साहित्य के विविध आयामों पर सारगर्भित चर्चाएँ भी संपन्न हुईं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में साहित्यकार और साहित्य प्रेमी मौजूद थे।

### बसंत पंचमी पर बच्चों व शिक्षकों ने किया सरस्वती चालीसा का पाठ



**बिलासपुर।** विकासखंड बिल्हा के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बुंदेला में बसंत पंचमी पर प्रधान पाठक राम अवतार साहू के मार्गदर्शन में नवीन अतिरिक्त भवन में विद्यार्थियों एवं स्टाफ द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। सामूहिक रूप से सरस्वती चालीसा का पाठ किया गया। प्रधान पाठक ने बच्चों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें नियमित स्कूल आने, आदर्श विद्यार्थी बनने, अपने अपने स्कूल का माता पिता का नाम रौशन करने प्रेरित किया। बच्चों ने भी सरस्वती वंदना, गीत आदि की प्रस्तुति दी। अंत में प्रसाद वितरण उपरांत कार्यक्रम का समापन हो गया। इस अवसर पर सरिता दिवाकर, वंदना अहिरवार, शशिकांत वर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थीं।

### ब्रिटिश काल में बनी बिल्डिंग में शिफ्ट होगा फूड प्लाजा




**बिलासपुर।** जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर के प्लेटफार्म नम्बर एक पर संचालित होने वाली जनआहार और कमसम सहित अन्य बिल्डिंग को तोड़ने की तैयारी शुरु कर दी गई है। इसके बाद रेल प्रशासन ने फूड प्लाजा को खोलने के लिए आईआरसीटीसी को ब्रिटिश काल में बनी बिल्डिंग पर जगह दिखाई है। इस बिल्डिंग में फूड प्लाजा खोले जाने के बाद सीटीआई और स्टेशन प्रबंधक के केबिन दूसरे स्थान पर चले जाएंगे। बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन 90 से अधिक एक्सप्रेस, सुपरफास्ट, पैसेंजर और लोकल स्पेशल ट्रेनों का परिचालन होता है, जिसमें लगभग 25 से 30 हजार यात्री सफर करते हैं। स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं के लिए फूड स्टॉल, जनआहार, कमसम फूड प्लाजा, वेटिंग रूम, रिटायरिंग हॉल, और डारमेट्री जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इन सभी स्टॉलों में जनआहार और कमसम फूड प्लाजा का संचालन आईआरसीटीसी द्वारा किया जाता है। कोरोना महामारी के बाद जब ट्रेनों का परिचालन दोबारा शुरू हुआ, तब स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ बढ़ गई थी। लेकिन अचानक रेलवे द्वारा अधोसंरचना कार्य के कारण यात्री ट्रेनों का संचालन रद्द करने से यात्री संख्या में कमी आई। इसके चलते जनआहार के संचालक ने समय पूरा होने के बाद अपना ठेका समेट लिया। वहीं कमसम का ठेकेदार पहले ही संचालन बंद कर चुका है।

### उत्कर्ष विद्यार्थी योजना कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए आवेदन 14 तक

**बिलासपुर।** पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष विद्यार्थी योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के ग्रामीण प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को वर्ष 2025-26 में राज्य के उत्कृष्ट निजी विद्यालयों में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए 23 मार्च रविवार दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक लिखित परीक्षा ली जाएगी। छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के स्थाई जाति प्रमाण-पत्र धारक ऐसे प्रतिभावान छात्र, छात्राएं जो छग में संचालित किसी मान्यता प्राप्त शाला में कक्षा पांचवीं में नियमित अध्ययनरत हो। जिन्होंने कक्षा चौथी की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त किया हो। जिनके पालक की समस्त स्रोतों से वार्षिक आय 2.50 लाख रुपए, 2 लाख 50 हजार से अधिक न हो जो ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पंचायत क्षेत्र के विद्यालयों में अध्ययरत हो, ऐसे विद्यार्थी ही इस योजना के तहत आवेदन कर सकेंगें।

# महाकुंभ में बढ़ी श्रद्धालुओं की भीड़ से प्रयागराज स्टेशन नहीं जाएंगी ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने के कारण अब प्रयागराज संगम स्टेशन तक चलने वाली सारी ट्रेनों को आगामी आदेश तक बंद करने का निर्णय लिया गया है। इस निर्णय से पहले सारनाथ एक्सप्रेस को प्रयागराज स्टेशन के स्थान पर प्रयागराज छिक्की स्टेशन से चलाया जा रहा था। वहीं नए आदेश के बाद अन्य ट्रेनों को भी डायवर्ट करने का निर्णय लिया जा रहा है।

महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। मौनी अमावस्या से पहले करोड़ों श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचने ट्रेनों और बसों में भीड़ बढ़ गई थी। इस दौरान अचानक भगदड़ में कई लोगों की मौत हो गई। वहीं प्रयागराज, बनारस और छपरा जाने वाली एकमात्र ट्रेन सारनाथ एक्सप्रेस पहले ही भारी भीड़ का सामना कर रही थी। महाकुंभ के चलते



ट्रेनों को भी किया जा रहा डायवर्ट

इसके स्लीपर और एसी कोच पूरी तरह से भरे हुए हैं। कई यात्री वेटिंग लिस्ट में होने के कारण अपनी यात्रा के लिए दलालों से संपर्क कर रहे हैं, जो उन्हें अतिरिक्त शुल्क लेकर कंफर्म बर्थ उपलब्ध करवा रहे हैं। महाकुंभ के आयोजन को देखते हुए रेलवे बोर्ड के आदेश पर एसईसीआर जोन ने विशेष स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरू किया था। पहली स्पेशल ट्रेन 25 जनवरी को रायगढ़, बिलासपुर से रवाना होकर प्रयागराज तक गई और 27 जनवरी को दूसरी स्पेशल ट्रेन 8 फरवरी को प्रयागराज के लिए रवाना हो चुकी है। वहीं अंतिम स्पेशल ट्रेन 22 फरवरी को विशेष ट्रेनें उसलापुर और बिलासपुर से प्रयागराज के लिए रवाना की जाएंगी। इसके अलावा, यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए दुर्ग से कटनी तक चार फेरे के लिए दो स्पेशल ट्रेनों की भी व्यवस्था की गई है। इन विशेष ट्रेनों में एसी, स्लीपर और जनरल कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। रेलवे के पूर्व आदेश के अनुसार यह सारी स्पेशल ट्रेनों का स्टापेज अब तक प्रयागराज संगम स्टेशन में किया जा रहा था, लेकिन लगातार लोगों की भीड़ और यात्री ट्रेनों के दबाव अधिक होने के कारण संगम स्टेशन आने वाली ट्रेनों को आगामी आदेश तक डायवर्ट करने का निर्णय लिया गया है।

### सारनाथ एक्सप्रेस का रूट बदला

महाकुंभ के कारण प्रयागराज स्टेशन पर यात्री ट्रेनों का दबाव काफी बढ़ गया है। इसके चलते, छपरा से दुर्ग तक जाने वाली सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन का मार्ग बदल दिया गया है। अब यह ट्रेन प्रयागराज छिक्की स्टेशन से गुजरते हुए चलेगी। कुंभ मेले के दौरान इस ट्रेन को कई बार देर से रवाना किया जा रहा है। यात्रियों को अपनी यात्रा की योजना में बदलाव करने के लिए सूचित किया जा रहा है ताकि वे किसी भी परेशानी से बच सकें।

### दो अतिरिक्त फेरा विशाखापट्टनम-गोरखपुर स्पेशल का

विशाखापट्टनम एवं गोरखपुर के बीच दो अतिरिक्त फेरों के लिए कुंभ स्पेशल ट्रेनों के परिचालन में विस्तार किया गया है। इससे रायगढ़, चांपा, बिलासपुर, पेण्ड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया स्टेशन के यात्रियों को कुंभ स्नान में जाने की सुविधा मिलेगी। 08588 विशाखापट्टनम-गोरखपुर कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन 10 एवं 22 फरवरी को और 08587 गोरखपुर-विशाखापट्टनम कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन गोरखपुर से 13 व 25 फरवरी को दो अतिरिक्त फेरों के साथ रवाना होगी। विशाखापट्टनम से 22.20 बजे रवाना होकर कुंभ स्पेशल ट्रेन दूसरे दिन 13.55 बजे रायगढ़, 15.00 बजे चांपा, 16.00 बजे बिलासपुर, पेण्ड्रारोड, उमरिया और अन्य स्टेशन होकर 19.30 बजे गोरखपुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी तरह 08587 गोरखपुर-विशाखापट्टनम कुंभ स्पेशल 17.45 बजे रवाना होकर दूसरे दिन बिलासपुर रात 22.18 बजे तीसरे दिन 15.55 बजे विशाखापट्टनम पहुंच जाएगी। ट्रेन में एक एसएलआरडी, चार सामान्य, आठ शयनयान, तीन एसी थ्री इकोनॉमिक, चार एसी टू व एक जनरेटर कार सहित 21 एलएचबी कोच की सुविधा रहेगी।

**ये ट्रेनें हैं शामिल :** प्रयागराज महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों को सुगम, सुरक्षित और आरामदायक सफर उपलब्ध कराने के लिए कुंभ मेला विशेष ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। इसके तहत 08588/08587 विशाखापट्टनम से गोरखपुर और गोरखपुर से विशाखापट्टनम कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। यह गाड़ी रायगढ़, चांपा, बिलासपुर, पेण्ड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया स्टेशन पर स्टापेज के बाद गंतव्य स्टेशन तक जाएगी। एसईसीआर जोन रायपुर मंडल के दुर्ग से ट्रेन 08763 दुर्ग-टुंडला कुंभ स्पेशल 19 फरवरी को 13.50 बजे रवाना होकर रायपुर, 14.20 बजे, भाटापारा 15.10 बजे होते हुए उसलापुर शाम 16.15 बजे होकर टुंडला स्टेशन 12.30 बजे पहुंचेगी। वहीं 08764 टुंडला-दुर्ग कुंभ मेला स्पेशल टुंडला से 17.10 बजे रवाना होकर पेण्ड्रारोड होते हुए उसलापुर स्टेशन 12.17 बजे होकर भाटापारा, रायपुर से दुर्ग 19.50 बजे पहुंचेगी। दुर्ग से टुंडला के बीच दो फेरे के लिए चलने वाली कुंभ स्पेशल ट्रेन में एक एसी टू कम एसी फर्स्ट कोच, दो एसी टू, 6 एसी थ्री, सात स्लीपर कोच, चार जनरल कोच, दो एसएलआरडी सहित 22 कोच की सुविधा दी जाएगी।




रीवा-बिलासपुर मार्ग में सबसे ज्यादा भीड़

## लंबे जाम में फंसे तीर्थयात्री

महाकुंभ में डुबकी लगाने शहर से गए हजारों श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों पर लंबा जाम लगा हुआ है। बताया जा रहा है कि कई यात्री बसें पिछले 12 घंटों से जाम में फंसी हुई हैं। ऐसे में लोगों को खाने पीने की दिक्कतों के साथ ही स्वास्थ्यगत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

प्रयागराज में गंगा और संगम स्नान के लिए जाने वाले लोगों को लौटते समय जाम में फंसना पड़ रहा है। इस दौरान श्रद्धालुओं को सड़कों पर ही रात बितानी पड़ रही है। बताया जा रहा है कि सबसे बड़ा जाम रीवा बिलासपुर मार्ग में देखा जा रहा है, यहां सड़क पर 25 किमी का जाम लगा हुआ है। ऐसे में यहां से बिलासपुर से प्रयागराज और प्रयागराज से बिलासपुर आने वाले दोनों ही तरफ के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बस और ट्रैवल्स की गाड़ियां जाम में फंसी हैं, पूर्णिमा स्नान के लिए पहुंचने वाले लोगों को गाड़ियां भी नहीं मिल सकी हैं और वे अब तक गाड़ी का इंतजार कर रहे हैं।

### इन मार्ग में है कई किमी का जाम

प्रयागराज से लखनऊ के बीच प्रतापगढ़ तक 22 किमी जाम लगा हुआ है, वहीं प्रतापगढ़ से रायबरेली तक 8 किमी का जाम है। छत्तीसगढ़ और प्रयागराज के बीच रीवा मार्ग पर 25 किमी जाम है, वहीं चित्रकूट के रास्ते में 12 किमी जाम लग चुका है। वाराणसी के रास्ते में जौनपुर से 17 किमी, वाराणसी में 15 और भदोही में 5 किमी का जाम लगा हुआ है। महाकुंभ के लिए कौशांबी से प्रयागराज के बीच 8 किमी की जाम की स्थिति वर्तमान में बनी हुई है।

# बाईपास सड़क बनने से बदहाल 5 करोड़ का चेतना केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पांच करोड़ की लागत से बना वन चेतना केंद्र बनाया गया है, जो बाईपास सड़क बनने से बदहाल होने के साथ बिल्डिंग के सामने की दीवार भी जर्जर होने लगी है। शुरुआत में वन चेतना केन्द्र की जो बिल्डिंग महल की तरह दिखती थी, वही अब खंडहर में तब्दील हो गई है।

बिलासपुर वन मंडल में पूर्व राज्य सरकार ने वन चेतना केन्द्र खोलने घोषणा की थी। इसके लिए पहले तीन करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई, जिसमें वन चेतना केन्द्र की बिल्डिंग बनाने का कार्य हाउसिंग बोर्ड सोसायटी ने किया था। छोटे-मोटे कार्य को मिलाकर तीन करोड़ रुपए की राशि बढ़कर पांच करोड़ रुपए में पहुंच गई थी। पेण्ड्रीडीह बाईपास के मुख्य चौराहे पर बने वन चेतना केन्द्र की बिल्डिंग बाहर से महल की तरह दिखाई देती थी, जिसके अंदर 16 कमरे बनाए गए थे। वन चेतना केन्द्र का मुख्य उद्देश्य प्रदेश सहित बाहर से आने वाले वन कर्मचारियों को प्रशिक्षण के साथ बैठक किया जाना था। शुरुआत में वन कर्मचारियों की बैठक होती रही, लेकिन धीरे-धीरे बिल्डिंग की हालत



रखरखाव नहीं होने की वजह से जर्जर होती गई। सबसे बुरी स्थिति वन चेतना केन्द्र के बाहर की दीवारों की हुई, जिसमें बाईपास ओवरब्रिज के कारण वन चेतना केन्द्र की आधी से अधिक जमीन दबाने के साथ बाहर की दीवारों का हाल बेहाल हो गया। रंग रोगन और मेंटनेंस के लिए बजट नहीं होने के कारण वन विभाग के अफसरों ने वन चेतना केन्द्र के हॉल और कमरों को शादी-ब्याह और अन्य कार्यों के लिए देना शुरु कर दिया है। शादी-ब्याह के लिए कुछ बड़े लोग ही वन चेतना केन्द्र का उपयोग करते हैं, जिससे मिली राशि से भी अब तक मेंटनेंस कार्य नहीं होने के कारण वन चेतना केन्द्र की बिल्डिंग काफी जर्जर होने लगी है।

### बाईपास में दब गई आधी जमीन

बिलासपुर वन मंडल के साथ वन वृत्त और पूरे राज्य के वन कर्मचारियों को ट्रेनिंग देने के उद्देश्य से सकरी से तखतपुर रोड के बाई ओर वन चेतना केन्द्र का निर्माण किया गया था। महल की तरह सज संवर के तैयार होने वाले वन चेतना केन्द्र में गाड़ियों की पार्किंग व गार्डन सहित अन्य व्यवस्था भी की गई। कुछ साल पहले वन चेतना केन्द्र की जमीन बाईपास सड़क में दब गई। बाईपास सड़क निर्माण और ओवरब्रिज के कार्य में वन चेतना केन्द्र के सामने की दीवार भी पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है।

### कॉलेज बनाने की मांग

वन चेतना केन्द्र की हालत खराब होती जा रही है, जिसे रंगरोगन तो संवारने के लिए भी वन विभाग के पास बजट नहीं है। दूसरी ओर सकरी में एक कॉलेज का संचालन होता है, जिसकी भी हालत खराब है। लोगों ने वन चेतना केन्द्र के भवन को सकरी कालेज के लिए देने मांग की थी, जिसपर अब तक कुछ भी निर्णय नहीं हो पाया है।

### प्रोजेक्ट साढ़े 3 करोड़ का

वन चेतना केन्द्र की हालत काफी खराब हो चुकी है। वन चेतना केन्द्र के रेनोवेशन के लिए साढ़े 3 करोड़ रुपए का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। इसमें वन चेतना केन्द्र के रंग रोगन व अन्य काम होंगे। उनकी उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए डिस्प्ले भी लगाया जाएगा। इससे लोगों का भी मनोरंजन होगा।

- **सत्यदेव शर्मा,** डीएफओ वन मंडल बिलासपुर

# बिलासा एयरपोर्ट से नई उड़ान शुरू करने की मांग

**बिलासपुर।** हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने सांसद व केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से बिलासा एयरपोर्ट से नई उड़ाने प्रारंभ करने नागरिक उड्डयन मंत्रालय राम मोहन नायडू से मुलाकात करने की मांग की है। समिति के सदस्यों ने कहा कि पहली बार केंद्र की सरकार में बिलासपुर के सांसद को राज्य मंत्री बनाया गया है।

ऐसे में बिलासपुर को भी उचित सम्मान मिलना चाहिए। स्वाभाविक अपेक्षा यह है कि कि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू इस मामले में लगातार सक्रिय होकर पहल करें। वर्तमान में बिलासपुर से दिल्ली के लिए सप्ताह में 6 दिन उड़ान है परंतु जिसमें दो दिन ही सीधे दिल्ली तक उड़ान है, बाकी दिनों में जबलपुर व प्रयागराज होते हुए दिल्ली तक फ्लाइट पहुंचती है। वहीं कोलकाता के लिए सप्ताह में केवल दो दिन उड़ान है । पश्चिम भारत के किसी भी शहर के लिए बिलासपुर से उड़ान नहीं है और यही हालत दक्षिण भारत के रूट का भी है।

समिति के धरने में राम शरण यादव, रवि बनर्जी, अनिल गुलहरे, आनंद वर्मा, केशव गोरख, पवन पांडे, प्रकाश बहरानी, मोहन जायसवाल, चंद्र प्रकाश जायसवाल, देवेंद्र सिंह ठाकुर, संतोष मानिकपुरी, मोहसिन अली, अकील अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल रहे।

प्रचार के अंतिम दिन बाईक रैली निकाल कर आशीर्वाद मांगा

## युवाओं को रोजगार से जोड़ने प्रत्येक जोन में यूथ हब बनाया जाएगा: प्रमोद



**बिलासपुर।** कांग्रेस के महापौर पद प्रत्याशी प्रमोद नायक ने वार्ड नं 12 वार्ड नं 22 में साथ घर-घर जाकर जनसंपर्क करते हुए आर्शीवाद मांगा। महापौर कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद नायक ने अंतिम दिन बाईक रैली निकाली। जिसमें कांग्रेस वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक शैलेष पांडे, विधायक अटल श्रीवास्तव, दिलीप लहरिया, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडे, विजय केशरवानी, पूर्व संसद इंग्रिड मैक्लाउड, पूर्व महापौर रामशरण यादव, राजेश पांडे, वरिष्ठ नेता शिवा मिश्रा, अनिल टाह आदि उपस्थित थे। यह रैली में प्रदेश सचिव सिधांशु मिश्रा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष शेरू असलम के नेतृत्व में युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता बाईक रैली में शामिल हुए। जावेद मेनन, अरविंद शुक्ला, शेख नजरूद्दीन, नरेन्द्र बोलर, ऋषि पांडे, आशुतोष शर्मा, अमर बजाज, राकेश शर्मा, देवेन्द्र सिंह बाटू, महेश दुबे, समीर अहमद, रविंद्र श्रीवास्तव, राजा शर्मा, रामा बघेल शामिल हुए। प्रमोद नायक कहा कि कांग्रेस का नगर परिषद बनने पर बिलासपुर को बिग्रेड का दर्जा दिलाने का प्रयास करने तथा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए सभी जोन क्षेत्रों में यूथ बनाने का कार्य किया जाएगा।

मरीजों को मिल रही राहत

## सिम्स में कूल्हा और घुटनों के जोड़ प्रत्यारोपण की सुविधा



**बिलासपुर।** सिम्स के डॉक्टरों द्वारा कुल्हा एवं घुटनों का जोड़ प्रत्यारोपण किया जा रहा है। पिछले कई सालों की मेहनत और लगन का ही नतीजा है कि डाक्टरों के द्वारा लाखों रूपए की सर्जरी का निशुल्क इलाज किया जा रहा है। जिससे अंचल के मरीजों को आर्थिक जोखिम से छुटकारा मिल रहा है वहीं सरकारी योजनाओं का लाभ भी मरीजों तक पहुंच रहा है।

सिम्स के डाक्टरों के अनुसार कोटा निवासी मरीज खारून बेगम की उम्र 60 वर्ष में 3 साल पहले दॉये कुल्हे का आपरेशन किया गया था, जो फेल हो गया था। मरीज के दांये कुल्हे में दर्द एवं चलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, सिम्स के डॉक्टरो द्वारा जॉच कर टोटल हीप रिप्लेसमेंट की सलाह दी गई। मरीज का 3जनवरी को आपरेशन किया गया, जिसके बाद से मरीज पूरी तरह ठीक हो चुकी है। मरीज लक्ष्मी सेन उम्र 25 वर्ष झीमर अनुपपुर के दायॉ कुल्हा एवीएन खराब हो चुका था। निजी अस्पताल में उसका इलाज किया गया लेकिन आपरेशन विफल रहा। सिम्स के डाक्टरों ने उसका भी इलाज किया और अब महिला पूरी तहत से स्वस्थ व दर्द रहित जीवन जी रही है।

एजुकेशन प्लस

## एवीएम सैनिक स्कूल के छात्रों ने किया ऑर्गेनिक सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण



**बिलासपुर।** आधारशिला विद्या मंदिर सैनिक स्कूल के छात्रों ने ऑनरी लेफ्टिनेंट उदय शर्मा एवं शिक्षिका गुरुदीश कौर के नेतृत्व में फॉर्मर प्राइड ऑर्गेनिक सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य छात्रों को जैविक खेती, स्वास्थ्य पर रसायनों के प्रभाव और खाद्य परीक्षण तकनीकों की जानकारी देना था। भ्रमण के दौरान छात्रों को जैविक खेती की महत्ता के बारे में बताया गया। उन्होंने जाना कि कैसे जैविक खेती न केवल मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में सहायक होती है, बल्कि इससे उत्पादित भोजन स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। विद्यालय की ओर से फार्मर्स प्राइड के निदेशक सुश्री श्रद्धा और संदीप का भी आभार व्यक्त किया गया। चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव और निदेशक एसके जना स्वामी ने इस यात्रा की सराहना की। प्रधानाचार्य जीआर मधुलिका ने कहा कि इस तरह के भ्रमण छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने में सहायक होते हैं और उन्हें पर्यावरण-संवेदनशील कृषि तकनीकों को अपनाने कहा।

कर्मचारियों को संपर्क करने में हो रही परेशानी

# एटीआर के धान मंडी में बीएसएनएल टावर, बाकी का अधर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल में रहने वाले ग्रामवासी और स्टाफ-अफसरों को एक दूसरे से संपर्क करने में परेशानी हो रही है। इस परेशानी को दूर करने के लिए बीएसएनएल के मोबाइल टावर लगाने स्टेट वाइल्फ लाइफ से एप्रुवल मिलने के बाद अब केन्द्र सरकार की अनुमति भी प्राप्त हो गई है। जिसके प्रथम चरण की शुरूआत लोरमी बफर के धान मंडी से करने के बाद अचानक बंद कर दी गई है।

अचानकमार टाइगर रिजर्व का क्षेत्र 914.07 स्क्वेयर किलोमीटर में बसा हुआ है, जिसमें करीब 24 गांव हैं। यहां सबसे अधिक समस्या बिजली और मोबाइल कवरेज को लेकर रहती है। गांव में बिजली के लिए विद्युत वितरण



कंपनी द्वारा अब तक लाइन बिछाने का काम नहीं हुआ है। यहां के रहवासी बिजली के लिए सोलर ऊर्जा का उपयोग कर रहे हैं। वहीं सेन्ट्रल जू आफ आथोरिटी और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के अनुसार किसी भी टाइगर रिजर्व में वन्यप्राणियों की सुरक्षा व संरक्षण को देखते हुए गांव बसाने की अनुमति नहीं है। इसे देखते हुए एटीआर प्रबंधन जंगल के अंदर बसे गांव का विस्थापन भी कर रही है। बिजली के अलावा मोबाइल टावर की भी समस्या रहती है। इस समस्या को दूर करने के लिए एटीआर के अफसर और स्टाफ वाकीटाकी से एक-दूसरे के संपर्क में रहते हैं, लेकिन वाकीटाकी भी एक समय के बाद बंद हो जाती है। वहीं मोबाइल टावर नहीं होने के कारण एक दूसरे से संपर्क करने में परेशानी होती है। मोबाइल टावर की समस्या को दूर करने भारत संचार निगम लिमिटेड ने आगे आकर जंगल के 15 ग्रामीण क्षेत्र में 4जी मोबाइल टावर लगाने प्रबंधन को पत्र लिखा था। प्रबंधन ने बीएसएनएल के पत्र को अनुमति देने के बजाय स्टेट वाइल्ड लाइफ को भेजा दिया। स्टेट वाइल्ड लाइफ बोर्ड ने बीएसएनएल के टावर लगाने को अपनी ओर से एप्रुवल प्रदान कर दिया है। टावर लगने के बाद एटीआर के जंगल में रहने वाले कर्मचारियों के साथ ग्रामीणों को भी फायदा होगा।

### इन गांवों में लगाना है टावर

एटीआर प्रबंधन ने मोबाइल टावर लगाने 15 गांव को शामिल किया गया है। इन गांव में सरसोहा, महुआमाचा एटीआर सीमा, मंजूरहा, बिन्दावल, बिरारपानी, छिरहट्टा, रंजकी, परपरहा, सुरही, निवासखार, कटामी, बोईरहा, राजक, चकदा, सारसडोल शामिल है।

### धान मंडी में लगाया गया टावर

बीएसएनएल का टॉवर लगाने के लिए एनटीसीए के साथ केन्द्र सरकार की अनुमति भी जरूरी थी, जिसके लिए शुरुआत में लोरमी बफर में टावर लगाने के लिए केन्द्र से अनुमति मिल गई है। जहां के पांच गांवों में टावर लगाने का काम शुरु हो गया है। इसमें प्रथम चरण में धान मंडी में टावर लगा दिया गया है। इसके उपरांत अन्य स्थानों पर भी जल्द ही टावर लगाना का काम शुरु किया जाएगा, जिससे परेशानी दूर होगी।

- **संजय लूथर,** एसडीओ, एटीआर

## जेके में बाफना बायोटेक का कैंपस ड्राइव



**बिलासपुर।** जेके ग्रुप आफ इंस्टीटयूशन ने बाफना बायोटेक के सहयोग से क्वालिटी एश्योरेंस एवं क्वालिटी कंट्रोल विभाग प्रोडक्शन और सेल्स के लिए प्रतिभाशाली उम्मीदवारों के चयन के लिए कैंपस ड्राइव का आयोजन किया।

इस कैंपस ड्राइव में डी फार्म, बी फार्म और एम फार्म के फाइनल ईयर के स्टूडेंट्स एवं पूर्व छात्रों ने भाग लिया। डा. विभोर कुमार जैन ने बताया कि जेके ग्रुप आफ इंस्टीटयूशन केवल पढ़ाई ही नहीं कराता बल्कि छात्रों को उनके करियर लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रशिक्षित भी करता है। डा. योगेश पोनीकर और प्राचार्य ने बताया कि एम फार्म के छात्रों को इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुसार व्याहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है। ग्रुप डायरेक्टर डा. आशीष सिंह, सचिव डा. इरशाद खान ने सभी चयनित छात्रों को अपनी पूरी क्षमता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। चेयरमैन केखान ने प्रोत्साहित किया।

9-FEB-REGNOL-pg-3-COMMAN_Layout 1 2/10/2025 12:25 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय घी कुंड मेले का मेले शुभारंभ आज

**मोपका।** प्रसिद्ध घी कुंड मेले की शुरुआत आज से होने जा रही है। 10 से 12 फरवरी तक आयोजित होने वाले मेले सो जुड़ी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। लोग दूर-दूर से आकर घी कुंड तालाब में आकर स्नान करते हैं एवं शिव-पार्वती मंदिर में पूजा-अर्चना करते हैं। मान्यता है कि इस तालाब में स्नान करने से शारीरिक रूप से कमजोरी, खाज-खुजली आदि से छुटकारा मिल जाता है। मेले में हर प्रकार की मिठाइयां, सब्जी वाले ,खिलौने, झूला, सहित सभी प्रकार के स्टाल लगाए जा चुके हैं एवं प्रशासन द्वारा लाइट की भी व्यवस्था की गई है। दूर-दूर से लोग आकर इस मेले का आनंद उठाते हैं। मेले में किसी प्रकार के व्यवधान से निपटने के लिए पुलिस की की तैनाती भी की जाएगी।

### 5 दिवसीय मेले की शुरुआत आज से

**सेतगंगा/मुंगेली।** माघपूर्णिमा पर धर्म नगरी सेतगंगा में ग्राम पंचायत की ओर से 10 फरवरी से 5 दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान सभी श्रद्धालु भोलेनाथ की भक्ति में आस्था रूपी मां नर्मदा कुण्ड में डुबकी लगाएंगे। मुंगेली समीपस्थ अद्वितीय पुरातात्विक एवं प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर, भोलेनाथ मंदिर, मां सिद्धेश्वरी महामाया मंदिर, बाबा गुरूघासीदास मंदिर मेले के लिए पूरी तरह सज गया है। मेले में रौनक बढ़ाने होटल, कपड़ा दुकान, सोने चांदी की दुकान, बर्तन दुकाने, झुला-ढेलुआ, फोटो स्टूडियो, श्रृंगार भंडार सभी तरह की दुकानें लगाई जा रही हैं।

## निधन

### वरिष्ठ पत्रकार धनंजय वर्मा को मातृशोक

**रायपुर।** हरिभूमि रायपुर के स्थानीय संपादक एवं वरिष्ठ पत्रकार धनंजय वर्मा की मां सुमित्रा वर्मा पति स्व. पूरनलाल वर्मा का 9 फरवरी रविवार को निधन हो गया। वे 78 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार को उनके निवास स्थान पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर सेक्टर-2 से महादेव घाट मुक्तिधाम के लिए सुबह 11 बजे निकलेगी। वे मनोज वर्मा, शैला, सरिता की मां थीं।



### गुरबख्श कौर

**बिलासपुर।** 27 खोली निवासी गुरबख्श कौर का स्वर्गारोहण रायपुर में 9 फरवरी को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 10 फरवरी को सुबह 11 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए जाएगी। वे हरजीत सिंह कपूर की पत्नी, अमरजीत सिंह कपूर (ऋषि-पुत्र) रश्मीत कौर कपूर (पुत्र वधु), गुरुजीत सिंह कपूर (मुनि -पुत्र) जसमीत कौर(नैना- पुत्र वधु), कमलजीत कौर कपूर (कमल) की माता थीं।



## चुनाव प्रचार के आखिरी दिन सभी दलों ने लगाए जोर

# साव ने भाजपा के लिए मांगे वोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

- मुंगेली नपा में भाजपा की सरकार बनाना आपका दायित्व : मोहले

डिप्टी सीएम अरुण साव व विधायक पुन्नूलाल मोहले ने पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी शैलेष पाठक व भाजपा पार्षद प्रत्याशियों के लिए वोट मांगा। श्री साव ने कहा कि मुंगेली पालिका के स्थानीय चुनाव में अध्यक्ष प्रत्याशी शैलेष पाठक के नेतृत्व में स्थानीय सरकार बनानी है।

सभी 22 वार्डों के भाजपा प्रत्याशियों को जीत दिलाने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। अरुण साव ने विजय संकल्प रैली में हजारों की संख्या में उपस्थित मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र और राज्य में आप लोगों के सहयोग व आशीर्वाद से डबल इंजन की भाजपा सरकार स्थापित है। आप लोगों का दायित्व है कि स्थानीय स्तर पर हो रहे निकायों के चुनाव में भाजपा के प्रत्याशियों को भारी बहुमत के साथ विजयी बनाएं। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद अभी तक 7 हजार करोड़ से भी अधिक के विकास कार्यो का भूमिपूजन, शिलान्यास एवं लोकार्पण प्रदेश में किया गया है।



रोड शो में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगते डिप्टी सीएम।

आपके यहां से सांसद तोखन साहू को केन्द्र सरकार में नगरीय आवासन का राज्यमंत्री बनाया गया है। मैं स्वयं भी मुंगेली जिले का ही हूं। पिछले एक साल में मुंगेली नगर पालिका में 36 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया हैं एवं 25 करोड़ नगर के विकास कार्य के लिए स्वीकृत किए गए हैं। आगे भी मुंगेली को सजाने संवारने का काम किया जाएगा। मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि आपके एक बटन दबाने से भाजपा की सरकार बनते ही माताओं-बहनों के खातों में प्रतिमाह एक हजार आने लगे। भाजपा सरकार ने मुंगेली के विकास के लिए बहुत कुछ किया। आवासहीनों के लिए योजना के तहत पक्के मकान बनाकर दिए जाएंगे। श्री मोहले ने कहा कि केन्द्र में पीएम नरेन्द्र मोदी एवं राज्य में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में मुंगेली का विकास तेजी से हो रहा है। अब आपका दायित्व है कि मुंगेली नगर पालिका में भाजपा की सरकार बनाएं। उन्होंने सभी 22 वार्डो के भाजपा प्रत्याशियों के साथ अध्यक्ष शैलेश पाठक को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की। नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी शैलेश पाठक ने डबल इंजन की सरकार के साथ मुंगेली में विकास के लिए नगर पालिका में भाजपा को जिताने की बात कही। जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने आभार व्यक्त किया। संकल्प रैली में उपमुख्यमंत्री अरूण साव, विधायक पुन्नूलाल मोहले, नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी शैलेश पाठक, जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, जयप्रकाश मिश्रा, संगीता अन्नू साहू, असलम खान, प्रवीण सोनी, मोहन मल्लाह, जितेंद्र दावड़ा, रमेश जायसवाल, महेंद्र पारख, अर्चना सत्तू देवांगन, दुर्गेश नन्दनी पांडेकर, कृष्णा जोशी, विजयलक्ष्मी शुक्ला, छोटी सिंह परिहार, विजेंद्र देवांगन, मिलेश्वर यादव, अनिल पात्रे, निमेष देवांगन, रोशन सोनी, मोहित बंजारे, महावीर सिंह, लक्ष्मी वेदराम सोनकर सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रोड शो में शामिल हुए पीसीसी चीफ बैज, कांग्रेस के लिए किया प्रचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

पीसीसी चीफ दीपक बैज ने नपा अध्यक्ष प्रत्याशी रोहित शुक्ला के पक्ष में रोड शो कर लोगों से रोहित सहित सभी कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान कर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनाव लड़ने की अपील की।


नगर पालिका चुनाव में रोहित शुक्ला ने बड़े नेताओं की मौजूदगी में रोड शो करते हुए मतदाताओं से वोट देने की अपील की। मतदाता जागरूकता के लिए निकाले गए इस रोड शो में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, चंद्रभान बारमते, घनश्याम वर्मा, संजीत बनर्जी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी, चुरावन मंगेशकर, थानेश्वर साहू सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि नगर के युवा प्रत्याशी रोहित शुक्ला में नगर विकास के लिए जोश, जुनून और जज्बा है। नगर के विकास एवं आपकी बातों को दमदारी से रखने वाले रोहित शुक्ला सहित सभी कांग्रेस प्रत्याशियों को भारी मतों से विजय दिलाएं। कांग्रेस प्रत्याशी रोहित शुक्ला ने भरोसा दिलाया कि जहां भी समस्याएं है उनका समाधान करना हमारा लक्ष्य रहेगा। शहर के विकास को लेकर उनका दृष्टिकोण स्पष्ट है। पूर्व नपा अध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी ने कहा कि रोहित शुक्ला को जनता का समर्थन मिल रहा है। हर गली, हर वार्ड में लोग उनके द्वारा कोरोना काल में किए गए सहयोग को याद कर रहे हैं। उस कठिन समय में जब किसी को मदद की जरूरत थी तब इन्होंने हर संभव सहायता प्रदान की। रोहित को पूर्व में किए गए उनके अच्छे कार्यो का निश्चित ही आशीर्वाद मिलेगा।



रोहित शुक्ला के पक्ष में रोड शो करते पीसीसी चीफ दीपक बैज।

## कांग्रेस नपा अध्यक्ष प्रत्याशी पूजा ने किया जनसंपर्क

**तखतपुर।** नगर में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू है एवं विपक्ष के द्वारा मतदाताओं को धोखा दिया जा रहा है। भूमिहीन व्यक्ति की कोई योजना शहरी क्षेत्र में नहीं चल रही है और जनता को भ्रमित करने के लिए फॉर्म बांटे जा रहे हैं, जबकि इस फॉर्म में किसी व्यक्ति का बैंक खाता नम्बर लिखने का विकल्प नहीं है। इसके अलावा रेलवे और मिशन की जमीन पर आवास की बात कही जा रही है जो कि कल्पना से बाहर है। नगर पालिका में कांग्रेस प्रत्याशी और पार्षद जीत कर आते हैं तो शासन की हर योजना का लाभ घर-घर पहुंचा कर दिया जाएगा। उक्त बातें कांग्रेस नपा अध्यक्ष प्रत्याशी रविंदर पूजा मक्कड़ ने जनसंपर्क के दौरान वार्ड क्रमांक 5 में कही। रविंदर पूजा मक्कड़ ने रविवार को प्रचार के दौरान कहा कि सास सुरेंद्र कौर मक्कड़ और ससुर पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़ ने नगर में जो विकास किया था उसे आज भी नगरवासी याद करते हैं। सांस्कृतिक भवन, नया बस स्टैंड, परमेश्वरी सरोवर, डिवाईडर, रोड़, महाराणा प्रताप चौक सहित अन्य ऐसे कार्य जो इसके बाद आज तक नहीं हुए। आने वाले समय में नगर में कांग्रेस की सरकार बनती है तो सभी सुविधाएं सही समय पर हर व्यक्ति तक उपलब्ध कराउंगी। महिला होने के नाते नगर की सभी महिलाओं को भरोसा दिलाती हूं कि उनके लिए अलग से सहायता केंद्र होगा जहां अपनी बात रख सकेंगी। नगर के विकास में किसी तरह का भेदभाव नही किया जाएगा।



## किरारी में सरपंच सहित सभी 20 पंचों का निर्विरोध निर्वाचन

**मस्तूरी।** ग्राम पंचायत किरारी में सरपंच सहित सभी पंचों को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। ग्राम पंचायत के लोगों ने चुनाव के समय उत्पन्न होने वाले तनाव एवं मनमुटाव को दूर करने व गांव में शांति बनाए रखने के लिए आपसी सहमति से प्रतिमा तामेश्वर सिंह को सरपंच चुन लिया। चूंकि ग्राम पंचायत किरारी सामान्य वर्ग महिला के लिए आरक्षित है, ऐसे में लोगों ने प्रतिमा तामेश्वर सिंह को निर्विरोध सरपंच चुनकर लोगों ने सामूहिक एकता एक अनोखा उदहरण पेश किया है। सरपंच सहित ग्राम पंचायत के सभी 20 पंचों को भी निर्विरोध चुना गया है। लोगों का कहना है कि वे राजनितिक मनमुटाव को दूर रह कर सामूहिक विकास एवं एकता को प्रथनिकता देना चाहते हैं। निर्विरोध चुने गए पंच- बीना सिंह, महेंद्र लास्कर, श्यामलाल बंजारे, ज्योति घृतलहरे, सरवन दीवान, काजल डहरे, शिवानी गोयल, कमला खरे, राहुल सिंह, विष्णु साहू, मालती देवी, शशि सिंह, विंधवासनी साहू, राकेश सुमन, ओम प्रकाश शर्मा, लोमहर्षण सिंह, तामेश्वर मिश्रा, पूर्णिमा सिंह, कुंजराम बेन, ललिता डोंगरे के नाम शामिल है।



## डिप्टी सीएम साव ने किया पालिका क्षेत्र में सघन प्रचार

**लोरमी।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नगरीय निकाय चुनाव प्रचार के अंतिम दिन अध्यक्ष प्रत्याशी सुजीत वर्मा एवं वार्ड प्रत्याशियों के साथ विभिन्न वार्डों में डोर टू डोर जनसंपर्क किया। इस दौरान श्री साव ने कहा कि लोरमी लोगों ने ट्रिपल इंजन सरकार बनाकर लोरमी में विकास का कमल खिलाने का मन बना लिया है।

उन्होंने लोरमी पालिका के विभिन्न वार्डों में नुक्कड़ सभा कर जनता से भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी सुजीत वर्मा एवं पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष में समर्थन देने अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी सुजीत वर्मा जी सरल एवं मृदुभाषी हैं, वे आपकी सेवा और विकास के लिए चुनाव मैदान में हैं। उन्हें जिताकर विकास के कमल को चुनिए। अगर विकास विरोधी पार्टी को चुनेंगे तो पांच साल पछताना पड़ेगा।

**लोरमी की जनता देगी जीत का आशीर्वाद** - नुक्कड़ सभा में मौजूद लोगों का कहना है कि हम लोरमी के सर्वांगीण विकास के पक्ष में हैं। हमने अध्यक्ष उम्मीदवार सुजीत वर्मा और पार्षद प्रत्याशियों को जिताने का संकल्प लिया है। अरुण साव ने कहा विश्वास है कि लोरमी की जनता विकास के लिए भाजपा को जिताएगी। उन्होंने वार्ड 2, 3, 4, 5, 6, 14, 16, 18 में नुक्कड़ सभा एवं वार्ड 8, 10, 11, 13 में जनसंपर्क कर जनता से भाजपा के लिए आर्शीवाद मांगा।



## नर्मदा धाम बेलपान में मेले का शुभारंभ 12 से

**तखतपुर।** नर्मदा धाम बेलपान में 12 से 18 फरवरी तक मेले का आयोजन किया गया है। बेलपान मेला माघी पूर्णिमा से नई साज सज्जा और सुविधाओं के साथ प्रारंभ होता है। महादेव मंदिर के नीचे से पवित्र नर्मदा नदी की नैसर्गिक जलधारा बहती है जो बाद में एक कुण्ड में परिवर्तित होती है।

इस कुण्ड के बीच में शीतलपुरी बाबा की समाधी है, बताया जाता है कि वहीं बाबा जी की कठिन सपस्या एवं साधना से नर्मदा प्रकट हुई। इसी महत्ता को स्वीकार करते हुए बेलपान में मेले का आयोजन किया जाता है। बेलपान मेले में बर्तन, कपड़ा, मनिहारी, होटल के साथ-साथ मनोरंजन के लिए सर्कस, खेल, तमाशा, झूला आदि लगाए जाते हैं। लोग इस कुण्ड में स्नान कर अपनी मनोकामना पूर्ण करते हैं, ऐसा विश्वास है कि इस कुण्ड में स्नान करने से लोगों की मन की इच्छा पूर्ण होती है। इच्छा पूर्ण होने पर नर्मदा को लाल कपड़ा, चूड़ी, सिंदूर अर्पित किया जाता है एवं कुंवारी कन्याओं को भोजन कराया जाता है।



## नगर की बेटी शेफाली ने बढ़ाया नगर व प्रदेश का मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

छत्तीसगढ़ से युवा मेंटरशिप के लिए चयनित होने वाली नगर की बेटी शेफाली ने पूरे क्षेत्र एवं प्रदेश का मान बढ़ाया है। लोकतंत्र विषय पर आधारित इस पुस्तक में शेफाली ने विशेष रूप से महिलाओं की लोकतांत्रिक भागीदारी पर शोध किया है।

छत्तीसगढ़ से इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के लिए चयनित होने वाली शेफाली एकमात्र लेखिका हैं। उनकी पुस्तक का विमोचन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की गरिमामयी उपस्थिति में राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के प्रतिष्ठित मंच पर विश्व पुस्तक मेले में हुआ जिसका उद्घाटन भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने किया था। प्रधानमंत्री युवा मेंटरशिप योजना के तहत लोरमी छत्तीसगढ़ की बेटी शेफाली दास राज परिवार की सदस्य है, वे पूर्व नगर पंचायत के अध्यक्ष स्व योगेंद्र कुमार दास एवं अंजना देवी की सुपुत्री हैं। पुस्तक विमोचन का गौरव प्राप्त होने पर जिले के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।




## भाजपा नेताओं ने केशरवानी को अर्पित की श्रद्धांजलि



पुण्यतिथि पर याद करते डिप्टी सीएम एवं भाजपा कार्यकर्ता।

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ के शेर के नाम से जाने जाने वाले स्व निरंजन प्रसाद केशरवानी की 31वीं पुण्यतिथि भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। सरदार पटेल वार्ड स्थित स्व निरंजन प्रसाद केशरवानी बाल उद्यान स्थित उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर उप मुख्यमंत्री अरूण साव, स्थानीय विधायक पुन्नूलाल मोहले, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य गिरीश शुक्ला, भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेश पाठक, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष कमलेश्वर केशरवानी, संजीव गुप्ता, प्रेम आर्य, अनूप जैन, विजय यादव, तुलसीराम साहू, रामकुमार जायसवाल, द्वारिका जायसवाल, प्रद्युम्न तिवारी, घनश्याम यादव, आनंद देवांगन, संजय गोस्वामी, राजेंद्र देवांगन सहित भाजपा नेताओं ने उन्हें याद किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरूण साव एवं विधायक पुन्नूलाल मोहले ने उन्हे छत्तीसगढ़ के शेर के रूप में याद करते हुए बताया कि स्व श्री केशरवानी जनता के लिए सदैव तत्पर रहते थे। उन्होंने कभी दलगत भावना से कार्य नहीं किया। कार्यक्रम का संचालन उनके सहयोगी रहे द्वारिका जायसवाल ने किया एवं आभार प्रदर्शन पूर्व जनपद उपाध्यक्ष कमलेश्वर केशरवानी ने किया।





# ‘सनम तेरी कसम’ ने तोड़ा अपना ही रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** कुछ फिल्में री-रिलीज के दौरान अच्छा प्रदर्शन भी कर रही हैं। इस साल ‘सनम तेरी कसम’ पर दर्शक टूट पड़े हैं। मूल रूप से साल 2016 में रिलीज हुई इस फिल्म ने तब टोटल कमाई जितनी की थी, उतनी री-रिलीज के दौरान सिर्फ दो दिनों में कर डाली है। सनम तेरी कसम को 7 फरवरी को सिनेमाघरों में एक बार फिर रिलीज किया गया। पहले दिन इसने करीब चार करोड़ रुपए का कारोबार किया। दूसरे दिन इसने करीब पांच करोड़ रुपए का कारोबार किया है। रिपोर्ट के मुताबिक दो दिनों में फिल्म की कमाई करीब 9.50 करोड़ रुपए रही है। यह इसके ऑरिजनल लाइफटाइम कलेक्शन से ज्यादा है।

लाइफ Style



# प्राजक्ता

## माता-पिता को तोड़नी पड़ी थी उनकी गुल्लक

अभिनेत्री और यूट्यूबर प्राजक्ता कोली ने अपने बचपन की एक इमोशनल याद साझा की है। उन्होंने बताया कि एक बार उनके माता-पिता ने उनकी गुल्लक तोड़ी है। उन्होंने कहा कि पैसों की कमी के कारण माता पिता ने उनकी गुल्लक फोड़ी थी। हालांकि, उस दौरान वे छोटी बच्ची थीं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

प्राजक्ता ने कहा, मुझे याद है जब मैं 12 साल की थी, मैं अपने स्कूल या ट्यूशन से घर आई और मम्मी पापा ने मुझे प्यार से बैठाया। मुझे याद है उन्होंने कहा, ‘आबू, हम इस महीने थोड़ा संघर्ष कर रहे हैं। इसलिए हमें आपका गुल्लक तोड़ना होगा।’ मैंने कहा, ‘ठीक है’। उन्होंने कहा, ‘कोई बात नहीं, हम आपके लिए एक नया गुल्लक लाएंगे।’ प्राजक्ता के पिता मनोज कोली ने कहा, ‘हां...उस समय मैं एक मल्टी-लेवल मार्केटिंग कंपनी में काम कर रहा था। उस समय भारत में एक नया चलन था। उस समय, 1999-2000 में, मैंने उस कंपनी में बहुत सारा पैसा लगाया, लगभग 11 लाख, मेरी सारी बचत और कंपनी दिवालिया हो गई। उसके बाद मैं खाली हो गया...उस समय मैंने टैक्सी चलाई, कुछ भी काम नहीं कर रहा था, मेरे पास घर के महीने भर के खर्च के लिए पैसे नहीं थे। मैंने रिश्तेदारों और दोस्तों से मदद लेने की पूरी कोशिश की, लेकिन नहीं मिली। मेरा आखिरी विकल्प अपना गुल्लक तोड़ना था और उस पैसे से हमें उस महीने के खर्च में मदद मिली। मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि हम प्राजक्ता के सहयोग से अपने परिवार को चलाने में मदद की शुरुआत तब से हुई।’

हॉलीवुड मसाला



# ‘जुरासिक वर्ल्ड...’ का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** ‘जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ’ का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जो काफी धमाकेदार है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि डायनासोर का धरती पर अंत होने वाला है। अब इंसानी जीवन को बचाने के लिए जिंदा डायनासोर के डीएनए की जरूरत है। इसे निकालने के लिए स्कारलेट जॉनसन और टीम के पास आखिरी मौका है। यह फिल्म 2 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज होगी। साल 2022 में ‘जुरासिक वर्ल्ड: डोमिनियन’ में हुई घटनाओं के पांच साल बाद की कहानी ‘जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ’ में दिखाई गई है।



# एड शीरन को परफॉर्म करते हुए पुलिस ने रोका

**मुंबई।** एड शीरन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें पुलिस उनका माइक बंद करते हुए दिख रही है। ये वीडियो देख फैंस भड़क गए। उनका कहना है कि ये निराशानजनक है। बता दें कि एड शीरन का बेंगलुरु में लाइव कॉन्सर्ट है। इससे पहले उन्होंने स्ट्रीट पर जैमिंग की। ब्रिटिश सिंगर एड शीरन इस वक्त भारत में हैं। ‘शेप ऑफ यू’ और ‘परफेक्ट’ जैसे गानों के लिए फेमस सिंगर के कुछ वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वो बेंगलुरु के चर्च स्ट्रीट पर अचानक एक जैमिंग सेशन में शामिल हुए। उन्होंने गान शुरू किया, पर तुरंत ही वहां पुलिस आ गई और माइक बंद कर दिया, प्रोग्राम रोक दिया। ये वीडियो देख सिंगर के फैंस भड़क रहे हैं और पुलिस के इस रवैये को गलत बता रहे हैं।



# मेहंदी लिखवाया कुछ ऐसा कि हो गया विवाद

**मुंबई।** सारा अली खान अभी सिंगल हैं। 29 साल की एक्ट्रेस ने अपने पुराने इंटरव्यूज में कहा है कि वह 31-31 साल तक शादी करना चाहेंगी और दो बच्चों की मां भी बनेंगी। हालांकि, अभी उसमें वक्त है। मगर उसके पहले इन्होंने कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जिसे देख हर कोई हैरान रह गया। लोगों को लगा कि एक्ट्रेस की शादी हो गई है। वह जिस तरह से सजी-धजी नजर आईं, उसमें वह एकदम नई-नवेली दुल्हन लग रही हैं। हालांकि, कुछ की नजर उनकी मेहंदी पर अटक गई। फोटोज में सारा अली खान के हाथों में मेहंदी भी रची हुई है। जिसे उन्होंने फ्लॉन्ट किया है। इसमें बाएं हाथ पर त्रिशूल और ओम लिखा हुआ है। वहीं, दाहिने हाथ पर ‘जय भोलेनाथ’ लिखा हुआ है। एक ने लिखा, ‘हाथ पर भगवान की फोटो नहीं होना चाहिए। ये गलत है।



# अल्लू को नहीं पसंद बॉलीवुड शब्द...

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन की फिल्म ‘पुष्पा-2 द रूल’ की कमाई को आसमान की ऊंचाइयों तक पहुंचाने में हिंदी फैंस का भी हाथ रहा है। क्योंकि, फिल्म के तमिल वर्जन के बाद सबसे ज्यादा कमाई हिंदी वर्जन ने ही की थी। सिनेमाघरों में रिकॉर्ड तोड़ कमाई करने के बाद अब अल्लू अर्जुन की फिल्म ‘पुष्पा-2’ नेटफ्लिक्स पर जलवा दिखा रही है। फिल्म की तमिल वर्जन के बाद सबसे शानदार कमाई हिंदी वर्जन से ही हुई थी। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि अल्लू अर्जुन को बॉलीवुड शब्द ही पसंद नहीं है। इसका यह मतलब बिल्कुल नहीं है कि वह उत्तर भारत की फिल्म इंडस्ट्री से नफरत करते हैं। असल में उन्होंने एक इवेंट में बताया कि उन्हें ‘बॉलीवुड’ शब्द नहीं पसंद, इसकी जगह वह ‘हिंदी सिनेमा’ कहना पसंद करते हैं।

टीवी मसाला



# कपिल शर्मा के बचाव में आए राजीव ठाकुर

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन राजीव ठाकुर कपिल शर्मा के व्यवहार पर लगातार उठते सवालों पर उनके बचाव में आए हैं। उन्होंने कहा कि अगर मैं भी उनके जितना प्रसिद्ध हो गया तो शायद मैं भी चिढ़ जाऊं, वह बहुत दबाव में हैं और लोग इसे नहीं समझते। अभिनेता और कॉमेडियन कपिल शर्मा पर अक्सर रूड होने का आरोप लगता है। कपिल शर्मा का सुनील ग्रोवर के साथ विवाद भी हो चुका है। इसके बाद कपिल के पिछले कॉमेडी शो में अहम भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री उपासना सिंह ने एक बार बताया था कि वह इतने व्यस्त हो गए थे कि उनका ठीक से अभिवादन भी नहीं कर पाए। अब कॉमेडियन राजीव ठाकुर, कपिल शर्मा के बचाव में आए हैं। राजीव ने इस बात पर जोर दिया कि कपिल किस तरह के दबाव से जूझ रहे हैं। उन्होंने कपिल और सुनील के बीच बहुत चर्चित लड़ाई के बारे में भी बात की। अब वे कपिल शर्मा के साथ फिर से द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो में नजर आ रहे हैं। राजीव ठाकुर ने कहा, राजीव ने कहा, ‘वह बहुत दबाव में हैं और लोग इसे नहीं समझते। 2 से 2.5 घंटे की स्क्रिप्ट कौन याद रख सकता है? उन्होंने कभी भी कोई गलती नहीं की, एक बार भी नहीं। वह अपनी हर एंट्री में दम भर देते हैं। परफॉर्म करने के अलावा, उन्हें मेहमानों का स्वागत करना पड़ता है, उन्हें सहज महसूस कराना पड़ता है और चैनल की क्रिएटिव टीम के साथ बैठकर शो पर काम करना पड़ता है। उन्होंने कहा, ‘अगर शो 10-12 सालों से सफलतापूर्वक चल रहा है, तो यह उनके प्रयास और कड़ी मेहनत की वजह से है। यह अहंकार की बात नहीं है।

## सास-बहू धारावाहिकों के बजाय, इन पाक ड्रामा के दीवाने हो रहे भारतीय

**नई दिल्ली।** हर कोई आजकल कुछ नए कंटेट की तलाश में रहता है, इसलिए भारतीय अब पुरानी कहानियों पर आधारित कहानियों को छोड़



पाकिस्तानी ड्रामा की ओर रूख कर रहे हैं, जिसमें उन्हें प्यार, सस्पेंस और तहजीब युक्त कहानियां मिल रही हैं। कुछ धारावाहिकों ने तो लोगों के दिलों में बहुत गहरी जगह बना ली है। हुमायूं सईद, आईजा खान और अदनान सिद्दकी ‘मेरे पास तुम हो’ धारावाहिक में मुख्य भूमिका में हैं। यह सीरियल पाकिस्तान के बेस्ट ड्रामा में से एक है। इसमें प्यार और दर्द की कहानी को थोड़ा हटकर दिखाया गया, जिसने लोगों के दिल को छू लिया था। यह ड्रामा 2019 में आया था। पाकिस्तानी शोज की बात की जाती है तो ‘तेर बिन’ को पहले नंबर पर रखा जाता है।

# राज कपूर के लेकर शाहरुख खान तक ये हैं हिंदी सिनेमा के रोमांटिक हीरो...

**मुंबई।** वैलेंटाइन वीक के खास मौके पर हिंदी सिनेमा के उन अभिनेताओं की याद आती है, जिन्होंने अपने अभिनय और आकर्षण से दर्शकों के दिलों में एक स्थायी जगह बनाई है। रोमांटिक हीरो की भूमिका निभाने वाले इन अभिनेताओं ने अपने अंदाज और मासूमियत से न सिर्फ सिनेमा जगत को, बल्कि दर्शकों पर भी गहरी छाप छोड़ी। आइए जानते हैं कुछ ऐसे प्रमुख रोमांटिक हीरो के बारे में जिन्होंने हिंदी सिनेमा में खास मुकाम हासिल किया।

***दिलीप कुमार :*** दिलीप कुमार हिंदी सिनेमा के बड़े सुपरस्टार थे। पर्दे पर वह भी रोमांटिक अंदाज दिखा चुके हैं। ‘मुगल-ए-आजम’ और ‘नया दौर’ जैसी फिल्मों में उनकी अदाकारी ने उन्हें रोमांटिक हीरो की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया। उनके अभिनय को आज भी याद किया जाता है।

***राज कपूर :*** राज कपूर अपनी रोमांटिक किरदारों की वजह से खूब मशहूर हुए। उनकी फिल्में ‘आवारा’ और ‘श्री 420’ में रोमांस और सामाजिक संदेशों का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिला। वह अपने समय के सबसे बड़े रोमांटिक नायक थे, जिनकी फिल्मों में प्यार के अलावा जीवन के गहरे मायने भी नजर आते थे।

***राजेश खन्ना :*** राजेश खन्ना के बिना ये सूची



अधूरी है। अपने रोमांटिक अंदाज से उन्होंने लोगों के दिलों में खास जगह बनाई। बड़ी संख्या महिलाएं उन्हें पसंद करती थीं। ‘अराधना’ और ‘सच्चा झूठा’ समेत दर्जनों फिल्मों में वह अपने रोमांस का जादू बड़े पर्दे पर चलाते नजर आए।

***देव आनंद :*** देव आनंद का नाम आते ही रोमांस, दिलकश अंदाज और आकर्षक छवि सामने आ जाती है। बड़े पर्दे पर वह कई फिल्मों में रोमांटिक किरदार निभा चुके हैं। करियर के पीक पर देव आनंद की महिला प्रशंसक काफी ज्यादा हुआ करती थीं।

***ऋषि कपूर :*** भारतीय सिनेमा के रोमांटिक अभिनेताओं में ऋषि कपूर का नाम भी शामिल है। अपनी पहले ही फिल्म ‘बॉबी’ से उन्होंने धमाल मचा दिया था। ‘चांदनी’ और ‘बोल राधा बोल’ जैसी फिल्मों में उन्होंने अपनी नटखट और आकर्षक भूमिका से रोमांस की दुनिया में अपना एक विशेष स्थान बनाया। उनकी मुस्कान और मासूमियत दर्शकों को दिलों में बसा हुआ है।

***शाहरुख खान :*** शाहरुख खान को रोमांटिक फिल्मों का ‘किंग’ कहा जाता है। ‘दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे’ और ‘कुछ कुछ होता है’ जैसी फिल्मों में उनकी रोमांटिक भूमिकाएं देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी लोकप्रिय बना दिया। उनके अभिनय में जो सहजता और प्यार की भावना दिखती है, वह उन्हें आज भी दर्शकों का पसंदीदा बनाती है।

***सलमान खान :*** सलमान खान ने रोमांटिक फिल्मों में अपनी अनूठी पहचान बनाई है। ‘मैंने प्यार किया’ और ‘हम दिल दे चुके सनम’ जैसी फिल्मों में उनका रोमांटिक अंदाज आज भी दर्शकों के दिलों में बसा हुआ है।

# ‘आई एम नॉट एन एक्टर’ का ट्रेलर रिलीज..

**मुंबई।** अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी की आगामी फिल्म ‘आई एम नॉट एन एक्टर’ का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर मार्च में कैलिफोर्निया में ‘सिनेक्वेस्ट फिल्म फेस्टिवल 2025’ में होने वाला है। फिल्म के निर्देशक ने इंस्टाग्राम पर ट्रेलर साझा करते हुए इस फिल्म को कलाकारों के लिए प्रशंसा बताया।



उन्होंने लिखा, ‘एक्टिंग की कला और क्राफ्ट के लिए एक प्रशंसा साथ ही, एक अभिनेता के जीवन के लिए भी।’ आदित्य कृपलानी द्वारा निर्देशित यह हिंदी-अंग्रेजी ड्रामा पूरी तरह से मुंबई अभिनेता की कहानी है, जो वीडियो कॉल के माध्यम से एक रिटायर्ड, उदास फ्रैंकफर्ट बैंकर को सलाह देता है। नवाजुद्दीन को आखिरी बार फिल्म ‘रौतू का राज’ में नारायणी शास्त्री, राजेश कुमार और अतुल तिवारी के साथ मुख्य भूमिकाओं में देखा गया था। अब वह इस फिल्म में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा अभिनेता मैडॉक फिल्म्स की हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की आगामी फिल्म ‘थामा’ में आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना के साथ नजर आने वाले हैं।

**न्यायालय श्रीमान**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**(पीठासीन अधिकारी विजेन्द्र सोनवानी)**
**नोटिस / समंस**

उत्तराधिकार वाद क्र. 06/2025
आदेश दिनांक 10.01.2025
पेशी दिनांक 24.02.2025
प्रोसेस क्र. 39/25

दीपक तिवारी .... आवेदक **विरूद्ध**
श्रीमान शाखा प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक वगैरह.....अनावेदकगण

बनाम :- आम जनता (जिनका संबंध हो)

आवेदक द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जिसका पेशी दिनांक 24.02.2025 को दिन 11:00 बजे उत्तर देने के लिए नियत किया गया है। आप न्यायालय में स्वयं या अपने किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। यदि किसी कारण से नियत तारीख को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अवकाश पर है, तो अगले कार्य दिवस को अग्रिम कायवाही की जावेगी।

अत: आज दिनांक 21/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

दिनांक 21.01.2025
स्थान :- बिलासपुर (छ.ग.)

**(विजेन्द्र सोनवानी)**
**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**

## वैलेंटाइन वीक में देखा जा सकता है कुछ बढ़िया लव स्टोरी फिल्में

# हिंदी सिनेमा की सुपरहिट प्रेम कहानियां, जो आज भी हैं यादगार

***नई दिल्ली।*** *फरवरी का महीना! सर्दियों की विदाई और गर्मियों की आमद वाले इस मौसम को गुलाबी मौसम कहा जाता है। इसी में पड़ता है वैलेंटाइन वीक। सात दिनों में प्रेम दीवाने प्यार को जी लेने को उतावले रहते हैं। अब जब कथित मोहब्बत वाला महीना चल ही रहा है तो क्यों न सिनेमा की दुनिया की कुछ बढ़िया लव स्टोरी फिल्मों का भी जिक्र किया जाए।*

**‘दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे’ (1995) :** बॉलीवुड की लव स्टोरी फिल्मों का जिक्र हो और ‘दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगे’ का जिक्र न हो, ऐसा कैसे हो सकता है भला? हिंदी सिनेमा के रोमांस किंग और काजोल की जोड़ी वाली यह फिल्म ब्लॉकस्टर साबित हुई। 90 के दशक की इस फिल्म को आज भी दर्शक उतनी ही दिलचस्पी से देखते हैं।

**‘हम दिल दे चुके सनम’ (1999) :** सलमान खान और ऐश्वर्या राय की जोड़ी इस फिल्म में नजर आई। संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी इस फिल्म का सेट, कहानी और स्टारकास्ट से लेकर म्यूजिक तक, सबकुछ नंबर वन रहा। सलमान और ऐश्वर्या की जोड़ी को पसंद करने वाले दर्शकों को लिए तो यह एक धरोहर सरीखी है। फिल्म में दोनों के बीच रोमांस देखने को मिला।

**मोहब्बतें (2000) :** आदित्य चोपड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म के टाइटल की तरह ही इसमें प्यार वाले इमोशंस हैं। इसमें अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान और ऐश्वर्या राय अहम रोल में हैं। इनके अलावा उदय चोपड़ा, जुगल हंसराज, जिमी शेरगिल, शमिता शेट्टी, किम शर्मा और प्रीति झिंगियानी जैसे सितारे हैं। दो पीढ़ियों के वैचारिक अंतर को भी फिल्म में बखूबी दिखाया गया है।

***देवदास (2002) :*** संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी यह फिल्म शरतचंद्र चटोपाध्याय के उपन्यास ‘देवदास’ पर आधारित है। इसमें शाहरुख, ऐश्वर्या राय और माधुरी दीक्षित लीड रोल में हैं। इसमें देव और पारो की प्रेम कहानी को दिखाया गया है। इससे पहले 1936 मे ‘देवदास’ बन चुकी है। 1936 की फिल्म कुंदनलाल सहगल द्वारा अभिनीत थी, जबकी 1955 मे रिलीज हुई ‘देवदास’ मे दिलीप कुमार ने लीड रोल किया था।

***वीर जारा (2004) :*** यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में शाहरुख खान और प्रीति जिंटा लीड रोल में हैं। दो अलग-अलग मुल्कों के लोगों के बीच प्यार करने वालों की स्थिति को मार्मिक तरीके से दिखाया गया है। फिल्म में भारतीय पायलट वीर (शाहरुख खान) को पाकिस्तानी लड़की जारा (प्रीति जिंटा) से मोहब्बत हो जाती है। वीर को जब पाकिस्तानी जेल में बंदी बनाया जाता है, तो जारा उसे मृत मान लेती है और भारत आकर उसके गांव के लोगों की सेवा करती है। 22 साल बाद सामया सिद्दीकी (रानी मुखर्जी) वीर का केस लड़ती है। जारा को सच्चाई पता चलती है।

**जब वी मेट (2007) :** शाहिद कपूर और करीना कपूर अभिनीत और इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी इस फिल्म का जवाब नहीं। करीना कपूर ने चुलबुली गीत का किरदार अदा किया है। फिल्म के गाने भी धमाल हैं। फिल्म की कहानी आदित्य (शाहिद कपूर) और गीत (करीना कपूर) की है। एक बिजनेसमैन का बेटा आदित्य बेवजह ट्रेन में चढ़ जाता है और खुदकुशी करना चाहता है। ट्रेन में उसकी मुलाकात जिंदादिल गीत से होती है। ।

**रॉकस्टार (2011) :** रणबीर कपूर, नरगिस फाखरी, अदिति राव हैदरी जैसे सितारों से सजी यह फिल्म भी इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी। फिल्म का म्यूजिक एआर रहमान ने रचा। बीते वर्ष इसे एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। फिल्म की कहानी प्यार और संगीत की है। कहानी उस बात को आधार देती है कि दिल में दर्द हो तो कला और खूबसूरत होकर उभरती है।

**अहलूवालिया हॉस्पिटल**
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक, कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जॉंच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, सोमवार 10 फरवरी 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




रिजल्ट अपडेट

## जेईई मेन 1 का रिजल्ट 12 को, मिलेगा एनआईटी, ट्रिपल आईटी में प्रवेश




**बिलासपुर।** एनटीए ने जॉइंट इंट्रेंस एग्जाम मेन 1 का रिजल्ट 12 फरवरी को जारी करने की घोषणा की है। इसके स्कोर के आधार पर एनआईटी, ट्रिपल आईटी और सीएफटीआई संस्थानों में एडमिशन का मौका मिलेगा। हालांकि, जो स्टूडेंट जेईई मेन-1 में अच्छा स्कोर नहीं कर पाएंगे उन्हें टेंशन लेने की जरूरत नहीं है। कमियां दूर कर वे अप्रैल में होने वाली जेईई सेशन 2 में स्कोर सुधार सकते हैं। दोनों परीक्षा से टॉप 2.5 लाख स्टूडेंट्स को आईआईटी के लिए होने वाली एडवांस में शामिल होने का मौका मिलेगा। मेन से स्कोर पर एनआईटी, ट्रिपल आईटी और जीएफटीआई की सीटों के लिए इंस्टिट्यूट्स में एडमिशन की दावेदारी की जा सकती है मेन देने वाले ज्यादातर स्टूडेंट्स टॉप एनाआईटी चाहते हैं, मेन-1 में संतोषजनक मार्क्स नहीं ला पाने वालों के पास एक और मौका है। अप्रैल में मेन-2 होगी अभी की तुलना में स्टूडेंट 10 मार्क्स भी अधिक लाते हैं तो इससे परसेंटाइल में काफी सुधार होगा। एक्सपर्ट बताते हैं कि मेन-1 दे चुके स्टूडेंट के पास अब एक्सपीरियंस भी है, दो महीने में अच्छी प्रिपरेशन की जा सकती है। इस परीक्षा में हजारों स्टूडेंट्स बैठेंगे। एडवांस में शामिल होने की दौड़ शुरू हो गई है, आईआईटी के प्रोफेसर बताते हैं कि मेन-1 और मेन-2 से टॉप 2.5 लाख आईआईटी के लिए होने वाली जेईई-एडवांस दे सकेंगे। मेन और एडवांस का काफी सिलेबस समान ही है लेकिन, यह एग्जाम मेन की तुलना में एफ के साथ कॉन्सेप्ट बेस्ड रहती है।

शहर के 73 केंद्रों में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन रविवार को किया गया। यह परीक्षा 33 जिलों में ली गई, पहली शिफ्ट मे सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक व दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक परीक्षा हुई। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र एग्जाम से दस दिन पहले जारी किए थे।

## प्याज को छत्तीसगढ़ी में क्या कहते हैं, छत्तीसगढ़ की जनजातीय बोली व केन्द्रीय योजना से पूछे गए प्रश्न

**बिलासपुर।** परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र को सरल बताया और छत्तीसगढ़ व केन्द्रीय योजनाओं से जुड़े प्रश्न अधिकांश पूछे गए। इन्होंने बताया की छत्तीसगढी में प्याज को क्या बोलते है पूछा गया, इसी तरह प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, आशा योजना सहित कई प्रश्न पूछे गए। प्रथम पाली में 27 हजार 866 में से 22 हजार 125 उपस्थित व 5 हजार 741 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 21 हजार 845 उपस्थित व 6 हजार 21 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान आयोग के सदस्य संत कुमार नेताम, नोडल अधिकारी शिव कुमार कंवर एवं सहायक नोडल अधिकारी डॉ जी ए अश्विनी कुमार द्वारा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।



दो पालियों में सीजीपीएससी की हुई परीक्षा, 11 हजार अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

### गणित,संविधान के पूछे गए सवाल

सीजीपीएससी में पहला पेपर जनरल स्टडी व दूसरा पेपर एपटीट्यूड का रहा, जिसमें सभी विषयों से संबधित प्रश्न पूछे गए। प्रश्न पत्र को चार सेट ए,बी,सी व डी में को विभाजित किया गया था, इसमें अभ्यर्थियों को दो घंटे में 100 प्रश्न हल करने थे। सभी प्रश्न ऑवजेक्टिव थे,जिसमें एक को सही पर टिक करना था। इसमें गणित,संविधान व विज्ञान के कई तरह के रासायनिक सूत्रों के भी प्रश्न पूछे गए।

### जून लास्ट तक होगी मुख्य परीक्षा

सीजीपीएससी राज्य सेवा प्रिलिम्स परीक्षा में सफल होने वाले उम्मीदवारों को मुख्य परीक्षा में शामिल होना होगा, जो कि 26, 27, 30 जून तक को संभावित है। हालांकि यह तारीख तय नहीं है, मगर माना जा रहा है इस समय तक मुख्य परीक्षा आयोजित हो सकती है, परीक्षार्थी वेबसाइट पर नजर रखें।

## बजट और विकसित भारत पर चर्चा के बीच तोखन के अनुभव से रोमांचित हो उठे युवा



विकसित भारत में बजट की भूमिका पर युवा संवाद में शामिल हुए केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू

**बिलासपुर।** पूर्वोत्तर के राज्यों में हर महीने दौरे कर योजनाओं की मैदानी समीक्षा करना, देर रात तक जागकर भी मंत्रिमंडल के साथियों से चर्चा करते रहना, अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी जनकल्याणकारी योजनाओं लाभ मिले ये सुनिश्चित करना। ये सबकुछ अब हकीकत है, और ये सबकुछ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार की कार्यशैली में हर रोज का काम हो गया है।

सीमा पर कंटीली बाड़ेबंदी, खतरनाक मौसम और घुसपैठ के खतरों के बीच मैंने देश के जवानों के साथ बांग्लादेश सीमा पर कई किलोमीटर पैदल घूमकर उनका अनुभव जाना है। हुसैनीवाला बॉर्डर पर पाकिस्तान से लगती सीमा के करीब देश के शहीदों को नमन करने के दौरान भावनाओं का ज्वार उमड़ पड़ता है। ये सबकुछ सुनकर बिलासपुर के केंद्रीय राज्यमंत्री कार्यालय का कांफ्रेंस हॉल तालियों से रह-रहकर गूंजने लगता था। मौका था बजट 2025 की विकसित भारत निर्माण में भूमिका पर आयोजित युवा संवाद का जिसमें केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री ने ऐसे तमाम किस्से और अनुभव प्रदेश और देश के अन्य राज्यों के युवाओं के साथ साझा किए। युवा संवाद न केवल एक संवाद मंच था, बल्कि यह युवाओं को सरकार की नीतियों को समझने और उनके प्रभावों पर विचार करने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी प्रदान करता है। बजट पर तोखन के साथ चर्चा को लेकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह और जिज्ञासा देखी गई। कार्यालय, केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री और जीवन संस्कार सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में युवा संवाद का आयोजन किया गया, यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के कार्यालय में आयोजित हुआ जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बजट 2025 की विकसित भारत निर्माण में भूमिका पर चर्चा था।

संवाद में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एडीएन वाजपेयी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर जीवन संस्कार सेवा समिति के अध्यक्ष मोहनीश कौशिक, कुलसचिव शैलेन्द्र दुबे, उपाध्यक्ष कमल देवांगन, शुभम जायसवाल, कमलेश पटेल, सचिन गुप्ता और चांदनी समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### नई नीतियों और सुधारों के बारे में जानकारी दी

उन्होंने युवाओं के साथ संवाद स्थापित करते हुए बजट के आर्थिक और सामाजिक प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। अपने संबोधन में अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के कुलपति बाजपेई ने बताया कि बजट केवल एक वित्तीय दस्तावेज नहीं होता, बल्कि यह देश के भविष्य की आर्थिक दिशा को निर्धारित करने वाला महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने युवाओं से सीधा संवाद करते हुए बजट के विभिन्न आयामों पर सवाल पूछे, जिससे उनकी समझ को परखा जा सके। साथ ही, उन्होंने बजट 2025 में शामिल नई नीतियों और सुधारों के बारे में जानकारी दी, जिससे युवा न केवल बजट की बारीकियों को समझ सकें, बल्कि इसकी गहरी आर्थिक और सामाजिक पृष्ठभूमि को भी जान पाएं। उन्होंने सरकार के वित्तीय प्रबंधन, राजकोषीय घाटे, पूंजीगत व्यय, कर सुधारों और सरकारी योजनाओं के प्रभाव पर भी विस्तार से प्रकाश डाला।

### युवा वर्ग ने सरकार की नीतियों और बजट की संरचना को समझा



इस कार्यक्रम ने बजट को केवल एक तकनीकी और वित्तीय विषय तक सीमित न रखते हुए इसे युवाओं के भविष्य और देश के समग्र विकास से जोड़ने का सफल प्रयास किया। इस संवाद ने युवा वर्ग को सरकार की नीतियों और बजट की संरचना को गहराई से समझने का अवसर दिया, जिससे वे न केवल अपने विचारों को प्रकट कर सके, बल्कि नीति-निर्माण की प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा भी बन सके। संवाद में छात्रों ने भी विशेष जोश और उत्साह दिखाया। विभिन्न मंत्रालयों से जुड़े बजट प्रावधानों पर उन्होंने अपने विचार रखे। युवाओं ने खासतौर पर इस बजट में स्टार्टअप्स और उद्यमशीलता को दी गई प्राथमिकता पर अपने सुझाव दिए। युवा संवाद ने युवाओं और सरकार के बीच सार्थक विचार-विमर्श की एक मजबूत नींव रखी और उन्हें देश के आर्थिक विकास में अपनी भूमिका को और अधिक सक्रिय रूप से निभाने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन ने विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में युवाओं की भागीदारी को और अधिक सशक्त बनाया।



## शास्त्रीय गायन, सितार और कवि सम्मेलन से सजी शाम

**बिलासपुर।** स्व.पं. फिरतू महाराज की स्मृति में आयोजित अखिल भारतीय नृत्य संगीत समारोह विरासत का समापन रविवार को देवकीनन्दन दीक्षित सभा भवन में हुआ। जिसमें अनिल टाह, डॉ.विनय पाठक, डा. अजय श्रीवास्तव, डा. गिरधर गौरव आदि मौजूद रहे।

सांस्कृतिक प्रस्तुति के तहत कला विकास केंद्र के युवा कलाकरों द्वारा नृत्यांगना बसंती वैष्णव एवं पं सुनील वैष्णव के निर्देशन में बाल एवं युवा कलाकारों के समूह कथक नृत्य की उम्दा प्रस्तुति हुई। द्वितीय प्रस्तुति के रूप में मास्टर युवराज सिंह लोनिया का शास्त्रीय गायन हुआ। समापन सत्र की तीसरी कड़ी में कोल्हापुर महाराष्ट्र से पधारे वरदराज भोसले का उत्कृष्ट सितार वादन दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत हुआ। भगवान शिव स्तुति एवं गंगावतरण पर आधारित समूह कथा में बसंती वैष्णव, ज्योति वैष्णव एवं समूह के द्वारा चमत्कृत प्रदर्शन ने दर्शकों को लंबे समय तक बांधे रखा। दिवस की अंतिम प्रस्तुति के रूप में रमेश विश्वास एवं समूह द्वारा कवि सम्मेलन की प्रस्तुति दी गई। संगत कलाकार के रूप में पं.सुनील वैष्णव-पढ़ंत में, लाल राम लोनिया- गायन, दीपक साहू – तबला, रमाकांत त्रिपाठी- सितार, कुशल दास महंत- बाँसुरी आदि साथ संगत थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने ज्योति श्री वैष्णव, ऋषिका साव, सृष्टी गर्ग, दिलावर सिंह लोनिया, चंद्र प्रकाश खात्री, रत्न शुक्ला, सुमन तिवारी, श्रीनिवास गर्ग, दीलीप इज़रदार टीम का सहयोग रहा।



विरासत के द्वितीय दिवस कला विकास केंद्र के नन्हे कलाकारों ने मचाई धूम

कार्यक्रम

## मराठा समाज का 52 वां वार्षिकोत्सव आज, भवन का लोकार्पण भी होगा



**बिलासपुर।** माघ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी के दिन मराठा समाज का 52 वां वार्षिकोत्सव रतनपुर स्थित श्री खंडोबा बाबा मंदिर में सोमवार को मनाया जाएगा। इस दौरान समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान, युवक-युवती परिचय सम्मेलन सहित अन्य आयोजन होंगे। मराठा समाज के अध्यक्ष शशांक चौहान ने बताया कि कार्यक्रम में छग के सभी मराठा अपने-अपने परिवारजनों के साथ एकत्रित होकर अपने आराध्य श्री खंडोबा देव की पूजा अर्चना करते हैं। काकड़े परिवार द्वारा मंदिर परिसर का 20 लाख रूपए की लागत से जीर्णोद्धार कराया गया है, जिसका लोकार्पण दुगार काकड़े द्वारा किया जाएगा। भंडारे का आयोजन बिलासपुर के तोडेकर परिवार द्वारा कराया जा रहा है, मुख्य पूजा में विशाखा सौरभ तोडेकर बैठेंगे। डा. सुधाकर बिबे एवं शकुंतला जाधव द्वारा समाज के वरिष्ठजन व 10 वीं-12 वीं में उच्च अंक से उत्तीर्ण छात्रों का सम्मान किया जाएगा। दोपहर तीन बजे से जिजा माता महिला मंडल के द्वारा युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन किया जाएगा। जिसका संचालन संरक्षक शोभा बिबे करेंगी। नागपुर से गोंधल पूजा कराने विश्वनाथ चौहान बत्तीसे आएगें। जिसमें समाज के लगभग बीस दम्पति गोंधल पूजा में बैठेंगे, यह पूजा रात भर चलेगी। कार्यक्रम में अतिथि दुर्गा काकडे, प्रदेश अध्यक्ष अरूण घाडगे, राघोबा महाडिक, राघवेन्द्र भोसले, सुधाकर सालुंके, तारा शिंदे महिला मंडल अध्यक्षा राखी जाधव एवं युवा मराठा सेना के अध्यक्ष गौरव शालुंके होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के अध्यक्ष शशांक चौहान, उपाध्यक्ष प्रणय बाकरे, कोषाध्यक्ष भगवंत शिंदे, सह सचिव जिवन भोसले, योगेश भोसले, महिला मंडल एवं युवा मराठा सेना जुटे हुए हैं।

धर्म-क्षेत्र

## पंचगव्य से नित्यानन्द महाप्रभु का अभिषेक



**बिलासपुर।** इस्कॉन प्रचार केन्द्र द्वारा रविवार को माघ शुक्ल पक्ष द्वादशी पर चैतन्य महाप्रभू के अनन्य भक्त नित्यानंद महाप्रभू का निमाई जयंती के अवसर पर 351 भक्तों ने दूध, दही, शहद, शक्कर, गंगाजल व पंच गव्य से अभिषेक किया है। इस अवसर पर पहली बार दिल्ली से पधारे रुक्मणी दास प्रभूजी द्वारा निमाई चरित्र पर सारगर्भित व्याख्यान दिया गया। उन्होंने बताया कि वास्तव में निमाई महाप्रभू श्रीराम जी के साथ लक्ष्मण व श्रीकृष्ण के साथ बलराम के रूप अवतरित हुए थे।

स्पोर्ट्स न्यूज

21 व 22 फरवरी को विश्वविद्यालय खेल मैदान में होगा आयोजन

## डा. सीवी रमन विवि में होगी अखिल भारतीय स्टैण्ड बॉल चैम्पियनशिप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय और स्टैण्ड बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ओपन महिला-पुरुष स्टैण्ड बॉल चैंपियनशिप का आयोजन 21 व 22 फरवरी को विश्वविद्यालय खेल मैदान में किया जाएगा।

इस प्रतियोगिता को लेकर फेडरेशन के महासचिव जाविद अली ने बताया कि 2008 को जब इस खेल के जनक हिदायत अली को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खेल विभूति सम्मान तत्कालीन मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह द्वारा मिला, तब से लेकर इस खेल का आयोजन दो राष्ट्रीय स्तर और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नेपाल में हो चुका है, इसी कड़ी में स्टैण्ड बॉल की मान्यता दिलाने डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलपति आर. पी. दुबे और रजिस्ट्रार अरविंद तिवारी से संपर्क किया गया। उन्होंने स्टैण्ड बॉल खेल को गोद लेने की बात करते हुए इसका आयोजन करने की सहमति दी। इस खेल को छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र आदि में खिलाया और खिलाड़ी तैयार किया जाता है, इस आयोजन में लगभग 10 विश्वविद्यालय की टीम आने की संभावना है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. रवि प्रकाश दुबे और रजिस्ट्रार अरविंद तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजन समिति के सचिव और डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय के डीन डॉ शंकर यादव आयोजन को लेकर सभी तैयारी में जुड़े है। वहीं खेल विभागाध्यक्ष डा. ब्रम्हेश श्रीवास्तव खेल मैदान को तैयार करा रहे है। फेडरेशन के अध्यक्ष अरविंद चितौड़िया, कोषाध्यक्ष डा. शाज़िया अली और सभी खिलाड़ी आयोजन को लेकर काफी उत्साहित है।

शहर की बेटी पर्वतारोही निशा यादव ने अफ्रीका महाद्वीप के कीलिमंजारे पर्वत पर पहुंचकर देश का तिरंगा फहराकर शहर और देश का नाम रौशन किया है। इसके लिए विशेष रूप से प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पर्वतारोही निशा यादव को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## शहर की बेटी ने फहराया किलीमिंजारो में तिरंगा

छत्तीसगढ़ प्रदेश और बिलासपुर शहर के चिंगराजपारा में रहने वाली निशा यादव की रूचि शुरु से ही पहाड़ों पर चढ़ने की थी। इससे पहले निशा यादव ने उत्तराखंड, नैनीताल सहित अन्य स्थानों पर जाकर पर्वत की ऊंची चोटी में पहुंचने के बाद देश का तिरंगा लहराया है। कुछ दिन पहले पर्वतारोही निशा यादव ने अफ्रीका महाद्वीप के कीलिमंजारे पर्वत पर जाकर तिरंगा फहराते हुए अपने सपने को पूरा किया है। जानकारी के अनुसार निशा यादव को कीलिमंजारे की ऊंची चोटी में पहुंचने के लिए तीन ट्रैक को पार करने में काफी कठिनाई पहुंची, लेकिन काफी संघर्ष और मुश्किल के बाद उसने तीनों ट्रैक को पार कर लिया। वहीं चौथे ट्रैक को पार करने में वह सफल नहीं हो सकी। इसके बावजूद निशा ने अफ्रीका महाद्वीप के ऊंचे पर्वत पर देश का तिरंगा फहरा दिया। आटो चालक श्याम यादव की सुपुत्री निशा यादव ने कठिन परिस्थितियों में भी अपना हौसला नहीं खोया और अपने अथक मेहनत और संघर्ष से किलिमंजारो पर्वत को फतह कर पूरे विश्व में छत्तीसगढ़ और बिलासपुर शहर का नाम रोशन किया है। निशा यादव को वर्तमान में प्रदेश में भी काफी सम्मान मिल रहा है। कुछ दिन पहले बिलासपुर प्रवास पर पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पर्वतारोही निशा यादव से मुलाकात की और उसके सपनों को पूरा करने के लिए 3.45 लाख रुपए का चेक प्रदान करते हुए लक्ष्य प्राप्ति हेतु अग्रिम बधाई और शुभकामनाएं दी थी। निशा यादव की उपलब्धि निश्चित ही प्रदेश के असंख्य युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत होगी।




### अभियान में थी पांच लोगों की टीम

अफ्रीका महाद्वीप के किलीमंजारो पर्वत पर चलाया गया अभियान माउंटेन ग्लोबल एडवेंचर्स प्रायवेट लिमिटेड नई दिल्ली की ओर से किया गया था, जिसमें पांच लोगों की टीम ने हिस्सा लिया था। इसके लिए निशा यादव को टीम का काफी सहयोग मिला। निशा यादव के लिए दो टेक्नीकल गाइड भी थे, जो निशा की सफलता में सहायक बने।

9 FEB- BSP-PG-6_Layout 1 2/10/2025 12:26 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### छह माह में किया गया 104 किमी ट्रैक रिन्युअल

**बिलासपुर।** एसईसीआर के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में 75 ट्रैक मशीन से रेल लाइन की सुरक्षा की जा रही है। इसके तहत पिछले 6 माह के दौरान 104 किलोमीटर ट्रैक रिन्युअल के अलावा 133 किलोमीटर ट्रैक में गिट्टी की छनाई, 96 टर्न आउट का रिन्युअल तथा 3600 किलोमीटर से अधिक प्लेन ट्रैक टैपिंग कार्य किया गया है। एसईसीआर में 5465 ट्रैक किलोमीटर रेल लाइन के साथ प्रतिदिन औसत लगभग 400 से भी अधिक ट्रेनों का परिचालन होता है। नए जरूरतों को देखते हुए रेलवे अत्यधिक आधुनिक मशीन का प्रयोग कर रहा है। इन अत्याधुनिक मशीन से रेल ट्रैक के रखरखाव से संबंधित कार्य किए जाते हैं। इसके अंतर्गत रेल लाइन का ट्रैक मशीन से वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के अप्रैल से सितम्बर तक 6 माह में 104 किलोमीटर ट्रैक रिन्युअल किया गया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 49 किलोमीटर की तुलना में 112 प्रतिशत अधिक है।

### बिलासपुर आने वाली आजाद हिंद एक्सप्रेस प्लेटफार्म नंबर 4 तक पहुंचने में लिया अतिरिक्त समय, यात्री होते रहे परेशान

# 26 घंटे लेट हो गई आजाद हिंद एक्सप्रेस, हावड़ा से की गई रिशेड्यूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रविवार की सुबह 9 बजे बिलासपुर आने वाली आजाद हिंद एक्सप्रेस ने प्लेटफार्म नम्बर 4 तक पहुंचने में पूरे 26 घंटे का अतिरिक्त समय लगा दिया। इसके कारण स्टेशन में ट्रेन का इंतजार करने वालों के साथ सफर करने वाले घंटों हलाकान होते रहे।

वहीं सोमवार की सुबह आने वाली और रात में हावड़ा से रवाना की जाने वाली आजाद हिंद एक्सप्रेस को भी 26 घंटे से अतिरिक्त समय रिशेड्यूल्ड किया गया है, जिसकी वजह से मंगलवार 11 फरवरी को बिलासपुर पहुंचने वाली हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस अब बुधवार की रात तक पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही है। रेल मंत्रालय के आदेश मिलने के बाद भी ट्रेनों के पहिए थमने और लेट लतीफी का सिलसिला नहीं थम रहा है। लंबी दूरी तक चलने वाली ट्रेनें चार से पांच रैक होने के बावजूद भी घंटों विलंब से चल रही हैं। इसका कारण यात्री मालगाड़ियां हैं, जिसके कारण यात्री गाड़ियों को कहीं भी रोक दिया जाता है। इस तरह का हाल बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में आने वाली ट्रेनों का हो रहा है। जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर हावड़ा-मुम्बई मेन लाइन के बीच में हैं, जहां से होकर प्रतिदिन हावड़ा से मुम्बई और पुणे, नागपुर के बीच एक्सप्रेस, सुपरफास्ट और दूरंतो एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों का आवागमन होता है। हावड़ा के साथ मुम्बई और पुणे की ओर जाने वाली ट्रेनों में शिरडी के अलावा कैंसर पीड़ित मरीज और पढ़ने वाले बच्चों की संख्या अधिक रहती है। इन ट्रेनों में ज्यादातर मरीज इलाज कराने के लिए मुम्बई टाटा मेमोरियल हास्पिटल और पढ़ने वाले बच्चे पुणे तक सफर करते हैं। ट्रेनों की लेट लतीफी की वजह से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। इसी तरह का हाल प्रतिदिन बिलासपुर होकर चलने वाली हावड़ा से पुणे और पुणे से हावड़ा के बीच चलने वाली 12130 आजाद हिंद एक्सप्रेस का हो गया है। इस ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों में सबसे अधिक संख्या पढ़ने वाले बच्चों की रहती है, जो पुणे तक सफर करते हैं। यह ट्रेन पिछले 15 दिन से अपने निर्धारित समय से घंटों विलंब से छूट रही है। रविवार को पुणे से हावड़ा जाने वाली आजाद हिंद एक्सप्रेस बिलासपुर स्टेशन पूरे 20 घंटे विलंब से पहुंची थी। हावड़ा से पुणे जाने वाली 12130 आजाद हिंद एक्सप्रेस शनिवार को बिलासपुर और पुणे जाने के लिए रवाना कर दी गई थी। इस ट्रेन को समय के अनुसार रविवार की सुबह 9 बजे तक बिलासपुर स्टेशन तक पहुंच जाना था, लेकिन ट्रेन ने बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में पहुंचने तक 26 घंटे का अतिरिक्त समय लगा दिया।




### दूसरी रैक की पोजीशन 25 घंटे से अधिक

12130 हावड़ा से पुणे की ओर जाने वाली आजाद हिंद एक्सप्रेस रविवार की रात 9.30 बजे रवाना कर दिया जाना था। इसके लिए हावड़ा से बिलासपुर और रायपुर व पुणे की ओर जाने वाले यात्री भी स्टेशन पहुंच गए थे, लेकिन स्टेशन पहुंचने के बाद यात्रियों को आजाद हिंद एक्सप्रेस के हावड़ा से 25 घंटे से अधिक रिशेड्यूल्ड होने की जानकारी मिली। इस यात्रियों को सोमवार तक बिलासपुर पहुंच जाना था, लेकिन दूसरी रैक की पोजीशन के लेट होने के कारण यात्री अब सोमवार के स्थान पर मंगलवार को बिलासपुर और रायपुर स्टेशन तक पहुंच पाएंगे।

### यह ट्रेन भी हुई लेट

आजाद हिंद एक्सप्रेस के साथ बिलासपुर आने वाली अन्य ट्रेनों में 12834 हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस 9 घंटे, 13288 आरा-दुर्ग जंक्शन साउथ बिहार एक्सप्रेस 4 घंटे 21 मिनट, 12906 शालीमार-पोरबंदर एक्सप्रेस 14 घंटे 20 मिनट, 22844 पटना-बिलासपुर साप्ताहिक सुपर फास्ट एक्सप्रेस 4 घंटे 42 मिनट, 12152 शालीमार-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस 13 घंटे, 22830 शालीमार-भुज सुपरफास्ट एक्सप्रेस 18 घंटे, 12860 हावड़ा-सीएसएमटी गीतांजली एक्सप्रेस 5 घंटे 44 मिनट और 12129 पुणे-हावड़ा आजाद हिंद एक्सप्रेस 21 घंटे 21 मिनट शामिल है।

### दिन भर रही गहमा गहमी, नुक्कड़ में चलती रही चर्चा परिचर्चा

# रात तक चला धुंआधार चुनाव प्रचार, निकलती रहीं रैलियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निगम चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशी रविवार को धुंआधार प्रचार में व्यस्त रहे, सुबह से रात तक गली गली में रैलियां निकलती रहीं और नारेबाजी होती रही, ढोल ताशों के साथ प्रत्याशी चुनाव प्रचार करते रहे, परन्तु रविवार की रात से चुनावी शोर थम गया है। रात 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर की आवाज पर प्रतिबंध भी लग चुका है। सोमवार से चुनाव तक प्रत्याशी अपने वोटर के घरों तक दस्तक दे सकेंगे।

प्रचार प्रसार के अंतिम दिन बीजेपी और कांग्रेस प्रत्याशियों के साथ अलग अलग चुनाव चिन्हों के साथ चुनाव में उतरे निर्दलीय प्रत्याशियों ने मतदाताओं को रिझाने पूरी ताकत झोंक दी है। जिले सहित प्रदेश में निकाय चुनाव की शुरूआत 11 फरवरी से हो रही है, इससे पहले रविवार की रात से चुनावी शोरगुल थम गया है। अब प्रत्याशी केवल डोर टू डोर जनसंपर्क कर सकेंगे। दावें और आरोप-प्रत्यारोप का मौका अब नहीं मिलेगा। खास बात यह है कि नगर निगम के पार्षद और महापौर के लिए अलग-अलग मतदान होने हैं, ऐसे में प्रदेश के बड़े नेताओं ने भी अपनी पार्टी के चुनावी चेहरों के समर्थन में वोट की मांग की है। शहर के हर गली और मोहल्ले में चुनावी चर्चा लगातार चल रही है, बैठकें भी हो रही है। रविवार की सुबह से ही गली मोहल्लों में पार्षदों के कटआउट फोटो, बैनर और पोस्टर भी चिपकाएं जा चुके है। सोमवार से जनसंपर्क कर अपने पक्ष में वोट की मांग के लिए प्रत्याशी घरों तक पहुंचेंगे।

### रात से थम गया चुनाव प्रचार


रविवार को वार्डों में बाजेगाजे के साथ निकले प्रत्याशी।

### ईवीएम से होगा चुनाव

प्रदेश में 11 फरवरी को 10 नगर निगम, 49 नगर पालिका परिषद और 114 नगर पंचायत समेत कुल 173 नगरीय निकायों में मतदान किए जाएंगे। नगर निकाय चुनाव ईवीएम के जरिए ही किया जाना है। वोटर्स तक चुनावी पर्ची पहुंची चुकी है, चुनाव में शामिल पार्टियां भी अपनी ओर से वोटर्स तक चुनाव की तिथि, मतदान केन्द्र और बूथ की जानकारी के साथ पर्ची घरों तक पहुंचा रहे हैं।

### अधिग्रहित किए गए वाहन

परिवहन विभाग ने नगर निगम के लिए 39 सहित 45 जोन बांटा है। इसके लिए 120 रूट बनाए गए है। कुल 631 मतदान केन्द्र के लिए 57 जीप, 70 बस और 50 बड़ी बसों की व्यवस्था परिवहन विभाग द्वारा की गई है। इसके लिए अधिग्रहण की कार्रवाई की गई है लेकिन परीक्षाओं को देखते हुए स्कूली बसों का अधिग्रहण कम ही किया गया है।

### थानों में जमा किए गए लाइसेंसी हथियार

जिले के सभी थानों में लाइसेंसी हथियार जमा करने का दौर जारी है, पुलिस विभाग के कर्मचारी लगातार ऐसे लोगों से संपर्क कर तत्काल हथियार जमा करने का निर्देश दे रहे हैं। रविवार तक जिले के थानों में 800 से अधिक हथियार जमा किए जा चुके हैं। इसमें कई पार्षद और नेता भी शामिल हैं। पुलिस विभाग के अधिकारी चुनाव को शांति और भयमुक्त तरीके से कराने के लिए लोगों से लाइसेंसी हथियार जमा करने अपील कर रहे हैं।

### मतदाता की पहचान के लिए इन दस्तावेजों को मान्यता

**बिलासपुर।** नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के लिए मतदान केन्द्र पर मतदाता की पहचान स्थापित करने के लिए 18 प्रकार के दस्तावेजों को मान्य किया गया है। मतदाता को इनमें से कोई एक दस्तावेज मतदान केंद्र पर दिखाना होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दस्तावेजों में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदाय किया गया मतदाता पहचान पत्र, बैंक, डाकघर फोटोयुक्त पासबुक, पासपोर्ट, आयकर पहचान-पत्र पैन कार्ड, आधार कार्ड, राज्य,केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या स्थानीय निकाय अथवा अन्य निजी औद्योगिक संस्थानों द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किए जाने वाले फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त स्मार्ट कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, स्वतंत्रता सेनानी फोटोयुक्त पहचान-पत्र, केन्द्रीय अथवा छग राज्य माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी 10 वीं एवं 12 वीं की फोटोयुक्त अंकसूची, बार कौंसिल द्वारा अधिवक्ताओं को जारी फोटोयुक्त परिचय-पत्र, फोटोयुक्त निःशक्तता प्रमाण-पत्र, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी वैध फोटोयुक्त राशन कार्ड, महाविद्यालय अथवा विद्यालय द्वारा जारी फोटोयुक्त छात्र पहचान-पत्र, फोटोयुक्त शस्त्र लायसेंस एवं निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार एसईसी ईआर जनरेटेड मतदाता पहचान पर्ची मान्य है।

### शांतिपूर्ण चुनाव कराने पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

# 509 मतदान केंद्रों में 695 पुलिस अधिकारी, जवान रहेंगे तैनात

**बिलासपुर** शांतिपूर्ण चुनाव कराने व अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने शहर में फ्लैग मार्च किया। वहीं 70 वार्ड के 509 मतदान केंद्रो में 695 पुलिस अधिकारी व जवानों की ड्यूटी लगाई गई है।

11 फरवरी को नगर निगम के 70 वार्डों में शांतिपूर्ण चुनाव कराने 9 फरवरी की शाम कलेक्टर अवनीश शरण व एसपी रजनेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस लाइन से पुलिस गाड़ियों में अधिकारी व जवानों के द्वारा मुख्य मार्ग सत्यम चौक, अग्रसेन चौक, सीएमडी चौक, तारबाहर चौक, रेलवे कालोनी, गुरूनानक चौक, दयालबंद, गांधी चौक, शिव टाकीज चौक, पुराना बस स्टैण्ड, तेलीपारा, कोतवाली चौक, गोलबाजार, देवकीनंदन चौक, नेहरू चौक, सरकण्डा चांटीडीह, चिंगराजपारा, अशोकनगर, कुदूदण्ड, मंगला, तालापारा सहित अन्य संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया गया। वहीं निगम के 70 वार्डों में 401 मतदान केंद्र व 108 संवेदनशील मतदान केंद्र बनाए गए हैं। एसपी श्री सिंह के निर्देश पर शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए सभी मतदान केंद्रो में 361 पुलिस अधिकारियों व जवानों, 150 नगर सैनिकों, 10 एसईसीएल के जवान, 113 वन विभाग के कर्मचारी, 61 कोटवारों की ड्यूटी लगाई गई है। इस तरह से सभी मतदान केंद्रों में 695 लोगों की सुरक्षा ड्यूटी लगाई गई है। वहीं 32 पेट्रोलिंग पार्टी बनाई है। राजपत्रित अधिकारी, थानेदार पेट्रोलिंग कर मतदान केंद्रो का जायजा लेते रहेंगे।


सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने कलेक्टर व एसपी ने किया फ्लैग मार्च।










### घरवाले महाकुंभ नहाने गए

# चोर ले उड़े साढ़े तीन लाख के जेवर व नकद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

घरवाले महाकुंभ नहाने प्रयागराज चले गए। इधर उनके सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर साढ़े तीन लाख के जेवर व नकद रकम चोरी कर लिया। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।



सकरी पुलिस के अनुसार, आसमां सिटी निवासी शिक्षा विभाग के क्लर्क माधव तिवारी पिता स्व. रामनारायण तिवारी 24 जनवरी को मकान के दरवाजे में ताला लगाकर प्रयागराज महाकुंभ नहाने चले गए थे। 7 फरवरी को उनका साढ़ू ने फोनकर बताया कि उनके घर के दरवाजा व कमरे का ताला टूटा हुआ है और सामान बिखरा हुआ है। 8 फरवरी को वह घर लौटे तो कमरे में सामान अस्त व्यस्त पड़े थे। आलमारी में रखा सोने की फुल्ली, टाप्स, दो अंगूठी, 30 हजार रुपए नकद, दीवान में रखा चांदी के जेवर सहित साढ़े तीन लाख का सामान चोरी कर लिया गया। दूसरी घटना में चकरभाठा धमनी निवासी सीता दुबे पति दीपक दुबे घर के दरवाजे में ताला लगाकर महाकुंभ नहाने प्रयागराज चली गई थी। 7 फरवरी को वह घर लौटी तो ताला टूटा मिला। उनके घर से सोने चांदी के जेवर, 10 हजार रुपए, बर्तन सहित 50 हजार का सामान चोरी हो गई। पुलिस दोनों मामले में अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### बिल्हा-दगौरी सेक्शन में लगा आटोमैटिक सिग्नल

**बिलासपुर।** एसईसीआर के बिलासपुर और रायपुर डिवीजन के बीच बिल्हा से दगौरी सेक्शन को आटोमैटिक सिग्नलिंग प्रणाली से लैस किया गया है। इसके साथ ही वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 97 किलोमीटर स्वचालित सिग्नलिंग का कार्य पूरा होने के साथ ही वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान आटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम की कमीशनिंग में एसईसीआर पूरे रेलवे में प्रथम स्थान पर रहा है। रेल अफसरों के अनुसार इस सिस्टम में दो स्टेशन के बीच दूरी के अनुसार 4 या 5-6 ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसके तहत तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में कुम्हारी से सरोना के बीच 14 किलोमीटर तक, बिलासपुर जंक्शन पूर्व केबिन से गतौरा चौथी लाइन 4 किलोमीटर, बोरतलाव से पनिआजोब तीसरी लाइन 8 किलोमीटर, अकलतरा से नैला 28 किलोमीटर, कलमना से कामठी 7 किलोमीटर, नैला से चांपा 22 किलोमीटर तक आटोमैटिक सिग्नलिंग प्रणाली में ट्रेनों का सुरक्षित परिचालन किया जा रहा है। इसे आगे बढ़ाते हुए बिल्हा से दगौरी अप, डाउन, मीडिल लाइन 14 किलोमीटर को भी आटोमैटिक सिग्नल प्रणाली में बदलने का काम सफलतापूर्वक पूरा किया गया है।